RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 128 , रविवार, 21 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




बापूधाम स्टेशन पर अन्नपूर्णा रसोई का 216वां आयोजन, 400 से अधिक जरूरतमंदों को ... 03


दीक्षांत समारोह में 237 रंगरूटों के मार्च पास्ट से गूंजा वातावरण 04

साम 'द इंडिया स्टोरी रिलीज से पहले फूड सेफ्टी पर काजल ने अपनी... 07

## संक्षिप्त समाचार

### भरत तिवारी का एनकाउंटर सीएम सम्राट पर पड़ रहा भारी


- एनकाउंटर मॉडल पर बीजेपी में ही दो फाड़, जेडीयू भी नाराज

**पटना (एजेंसी)।** भोजपुर एनकाउंटर ने सम्राट मॉडल के उद्देश्य को काफी पीछे ढकेल दिया है। अपराधियों पर एनकाउंटर और हॉफ एनकाउंटर को ले कर राजनीतिक फलसफे पर भले आरोपों का महल खड़ा किया जाता रहा हो। राजद ने भी एक ही जाति का एनकाउंटर जैसे सवाल उठाये हो, पर जनमानस स्तर पर या मीडिया के गलियारों में



सम्राट एनकाउंटर आलोचना के दायरे में न आ कर उस अभियान में साथ देते खड़ा नजर आया। लेकिन पुलिस प्रशासन के ओवर कॉन्फिडेंस या फिर या पूर्वाग्रह से ग्रसित पुलिसिया टीम ने भरत तिवारी का एनकाउंटर कर सम्राट सरकार को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है।

#### विपक्ष के साथ पार्टी के अंदर से भी सवाल



भोजपुर एनकाउंटर ने सम्राट सरकार पर सवाल तो खड़े कर डाले हैं। बीजेपी भी इस मसले पर बंटती हुई दिख रही है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्य है। हालांकि भरत तिवारी की भाषा भी ठीक नहीं थी। पर उसने जब सरेंडर कर दिया, हथियार फेंक दिया तो पुलिस को एनकाउंटर नहीं करनी चाहिए था। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भोजपुर एनकाउंटर पर कहा कि यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है । पुलिस की लापरवाही साफ झलक रही है और जिस मामले का आसानी से समाधान किया जा सकता था, उसे इस तरह अंजाम देना उचित नहीं था।

### मोदी युद्धों से दूर रहते हैं, वह समझदार नेता हैं

- ट्रंप ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग को दुनिया के महान नेताओं में गिना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बताया है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि मोदी युद्धों से दूर रहने की नीति अपनाते हैं और यही उनकी समझदारी को दिखाता है। द एक्सियोस शो को दिए गए इंटरव्यू में ट्रंप से पूछा गया था कि दुनिया के किन नेताओं को वह सबसे ज्यादा पसंद करते हैं।




इसके जवाब में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का नाम लिया। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि मोदी बहुत अच्छे हैं। भारत ने हाल के वर्षों में कई अच्छे आंकड़े और उपलब्धियां हासिल की हैं। मोदी युद्धों से दूर रहते हैं, जो एक समझदारी भरा कदम है। भारत की आबादी करीब 1.5 अरब है और यह दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है।

#### मोदी को बताया महान नेता

ट्रंप ने भारत और अमेरिका के व्यापारिक रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच अब पहले की तुलना में अधिक संतुलित और निष्पक्ष व्यापार हो रहा है। उन्होंने कहा, मोदी एक महान नेता हैं। हम भारत के साथ काफी व्यापार करते हैं और अब यह व्यापार ज्यादा निष्पक्ष है। पहले भारत को व्यापार में ज्यादा फायदा मिलता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। इसके बावजूद मोदी शानदार नेता हैं। **शी जिनपिंग की भी की तारीफ**– प्रधानमंत्री मोदी के साथ–साथ ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी प्रशंसा की। उन्होंने दोनों नेताओं को फ्रक्लासिक लीडरफ्र बताया। ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर मोदी या शी जिनपिंग के जीवन पर कोई फिल्म बनाई जाए तो अच्छा है।

---

- राम मंदिर चढ़ावा चोरी
- देर रात तक खंगाली फाइलें, सीएम को सौंपेगी रिपोर्ट

## एसआईटी ने नौ पेन ड्राइव में जुटाए सुबूत

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों की जांच जारी है। शनिवार को जांच का छठवां दिन था। एसआईटी के अधिकारियों ने प्रारम्भिक रिपोर्ट लगभग तैयार कर ली है। माना जा रहा है कि रात तक एसआईटी प्रारंभित रिपोर्ट सीएम योगी को सौंप सकती है। इसके लिए शुक्रवार को भी देर रात तक अफसर लिखा-पढ़ी में व्यस्त रहे। बताया जा रहा है कि एसआईटी ने 9 पेनड्राइव में



जरूरी दस्तावेजों और साक्ष्यों को संकलित कर सुरक्षित किया है। फिलहाल पांचवें दिन से अधिकारियों ने जांच में पूरी सख्ती बरती है और लगातार लोगों से पूछताछ की है। इस पूछताछ में कई नये नाम भी शामिल हुए हैं जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान को अर्पित किए गए आभूषणों के इधर-उधर गायब हो जाने के आरोपों से सम्बन्धित लोग प्रमुख रुप से सम्मिलित किए गए हैं।

#### नौ संदिग्धों में दो की खास भूमिका

राम मंदिर में चढ़ावे की धांधली के प्रकरण की छानबीन के लिए यहां पहुंची एसआईटी पांच दिन तक आठ से दस घंटे तक के कठिन परिश्रम के बाद भी इस सवाल का जवाब नहीं खोज पाई कि राम मंदिर में होने वाली घटनाओं को लेकर ट्रस्टियों की चुप्पी क्यों नहीं टूटी। एसआईटी के अधिकारियों ने इस प्रश्न का जवाब जानने के लिए मौखिक पूछताछ के साथ लिखित रूप से भी सवाल जवाब किए फिर भी इसका संतोषजनक जवाब ट्रस्टियों ने नहीं दिया। फिलहाल एसआईटी के सदस्यों की ओर से पड़ताल जारी है। दो की भूमिका संदिग्ध है।

#### बैंक कर्मियों को जांच से मुक्त रखने वालों की सामने आई भूमिका

सूत्र बताते हैं कि इन्हीं लोगों की सीसीटीवी कैमरे की निगरानी को पुलिस कंट्रोल रूम से अलग करने में भी भूमिका रही है। इसके अलावा गणना स्थल में आवागमन के दौरान बैंक कर्मियों को जांच से मुक्त रखने में इन्हीं लोगों की भूमिका सामने आई है। इसके कारण एस आईटी का शिकंजा गणना प्रभारी पर कसता जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि गणना स्थल में नियुक्त गणना कर्मियों की भर्ती में भी गणना प्रभारी की ओर से संस्तुति की जाती रही। बताया जाता है कि संगठन के कार्यकर्ता के रूप में इन गणना कर्मियों को नियुक्त कराया गया।

## मोदी सरकार का 'पेपर लीक' मॉडल बन गया है जानलेवा

- कांग्रेस पार्टी ने 15 छात्रों की आत्महत्या का किया दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और पेपर लीक के कारण छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी इन मौतों को हत्या करार देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की मांग कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने दावा करते हुए कहा है कि पेपर लीक के कारण अब तक 15 बच्चों ने अपनी जान दे दी है, लेकिन सत्ता में बैठे नाकारा लोगों के चेहरे पर शिकन तक नहीं आ रही। वहीं कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने एक और दावा करते हुए कहा कि नागपुर का एक



बच्चा एक महीने से नीट की तैयारी कर रहा था। कल परीक्षा से ठीक एक दिन पहले उसने एडमिट कार्ड डाउनलोड किया। उसका सेंटर निकला - अबू धाबी। न पासपोर्ट, न परिवार के पास विदेश भेजने के पैसे, न अब कोई वक्त बचा है। वो रातभर रोता रहा, और परीक्षा देने से ही मना कर रहा है - क्या इस तनाव की कल्पना भी की जा सकती है। आखिर ऐसा हुआ भी कैसे। कल किसी भी छात्र को सेंटर तक न पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। एनटीए असल में देश के बच्चों और उनके माता-पिता का सिर्फ धीरज जांच कर रही है।

## ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करना अब पड़ेगा भारी

### रेलवे ने दोगुना किया जुर्माना, नए प्रावधान लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करते हैं तो सावधान हो जाएं। पकड़े जाने पर अब पहले से दोगुना जुर्माना भरना पड़ेगा। रेलवे में नए नियमों के तहत अब बिना टिकट यात्रा करने या यात्रा का प्रयास करने पर देय न्यूनतम अतिरिक्त जुर्माना राशि को दोगुना करते हुए 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार, अनियमित यात्रा से संबंधित मामलों में भी अब 250 रुपये के स्थान पर 500 रुपये का न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार वसूला जाएगा। रेलवे में अनुशासन बनाए रखने, यात्रियों



की सुविधा और रेल सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल अधिनियम में संशोधित दंड एवं जुर्माना प्रावधान लागू कर दिए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि केवल टिकट ही नहीं, बल्कि रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, अनधिकृत फेरी, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में पुरुषों का जबरन प्रवेश और रेलवे कर्मचारियों के निर्देशों की अवहेलना करने जैसे अन्य विभिन्न उल्लंघनों से संबंधित दंड प्रावधानों तथा जुर्माना राशि में भी कड़ा संशोधन किया गया है। रेल मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत रेल अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं में किए गए ये महत्वपूर्ण बदलाव 19 जून से प्रभावी हो चुके हैं।

## 'सख्त' सुरक्षा के बीच नीट री-एग्जाम आज

- एनटीए ने देश भर में की मॉक ड्रिल, लिया जायजा

**मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार, कई जगह शिकायतें भी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट यूजी 2026 री-एग्जाम से पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल की। एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सेंटरीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है। उधर, कई जगह से स्टूडेंट्स के एग्जाम सेंटर बदलने की शिकायत मिल रही हैं। नागपुर के तालिब को अबूधाबी सेंटर मिला है।



#### एडमिट कार्ड दोबारा डाउनलोड करने की जरूरत नहीं

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने 21 जून को होने वाली नीट एग्जाम का नया एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिया है, उन्हें इसे दोबारा डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है। एजेंसी ने कहा कि एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए भेजे जा रहे संदेश मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए हैं, जिन्होंने अभी तक अपना नया एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किया है।

- आज 22.79 लाख स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे

21 जून को होने वाली एग्जाम में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। एनटीए के मुताबिक एग्जाम कंडक्ट कराने में 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। एनटीए के अनुसार, एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक पेन–एंड–पेपर मोड में होगी। पीडब्ल्यूडी और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय देते हुए शाम 6.20 बजे तक एग्जाम लिखने की अनुमति होगी।

## महाराष्ट्र में हनुमान मंदिर की छत गिरी, 7 की मौत

- 30-40 लोगों के दबे होने की आशंका, परभणी के मंदिर में शनिवार के कारण भीड़ थी

**परभणी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की छत गिर गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे



थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर भरभराकर गिर पड़ा। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। अब तक सभा मंडप के मलबे से 7 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे में 30 से 40 श्रद्धालु घायल हुए हैं। वहीं 10 लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। शनिवार होने के कारण मंदिर में कीर्तन और महाप्रसाद लेने के लिए भीड़ थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं।

## पीएम ने ओडिशा को दी 47600 करोड़ की सौगात

- कई प्रोजेक्ट्स किए लॉन्च, राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल गए
- पीएम ने गांव को सोलर विलेज बनाने का ऐलान किया

**मयूरभंज (एजेंसी)।** पीएम मोदी ओडिशा में बीजेपी सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित विकास रा धारा, ओडिशा सारा कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में उन्होंने करीब 47 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति मुर्मू का आज 68वां जन्मदिन है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ मयूरभंज ही नहीं, बल्कि पूरे ओडिशा की पहचान को मजबूत किया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल गांव पहाड़पुर को सोलर विलेज के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव के हर घर



तक सौर ऊर्जा पहुंचाई जाएगी और पहाड़पुर की पहचान कोणार्क सूर्य मंदिर की तरह एक नए मॉडल गांव के रूप में बनेगी।

**संथाल समुदाय के पवित्र स्थल संथाली जाहेरा में की पूजा**– पीएम राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उनके ससुराल पहाड़पुर भी गए। राष्ट्रपति के साथ पीएम पहाड़पुर स्थित स्किल ट्रेनिंग हब गए। वहां छात्राओं से बात की। पीएम ने संथाल समुदाय के पवित्र स्थल संथाली जाहेरा और हो जाहेरा में पूजा–अर्चना भी की। ओडिशा में उत्सव और विकास दोनों का माहौल– पीएम मोदी ने कहा कि रथयात्रा और अन्य पर्वों के बीच ओडिशा में लोकतंत्र और विकास का भी उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बीजेपी सरकार के दो साल पूरे होने पर बधाई दी।

#### प्रोजेक्ट्स जिनका पीएम ने उद्घाटन किया

पीएम ने 600 मेगावाट का अपर इंद्रावती पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट और थर्मल पावर स्टेशन के स्टेज– विस्तार की आधारशिला रखी। इस विस्तार में 660–660 मेगावाट की दो नई यूनिट लगाई जाएंगी। उन्होंने झारसुगुड़ा के लखनपुर में भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। वहीं, भुवनेश्वर में 300 टन क्षमता वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट और काठाजोड़ी नदी पुल का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री ने बौध में ढालपुर–हरभंगा सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट लांच किया।

## 'शेर-कुत्ते' में उलझी महाराष्ट्र की सियासत

- एकनाथ शिंदे और संजय राउत में शुरू हुई जुबानी जंग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना (यूबीटी) और एकनाथ शिंदे गुट के बीच एक बार फिर राजनीतिक तनाव और जुबानी जंग चरम पर पहुंच गया है। पार्टी के 9 लोकसभा सांसदों में से 6 के शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों और ऑपरेशन टाइगर की चर्चाओं के बीच, संजय राउत ने सोशल मीडिया पर बेहद तल्ख पोस्ट साझा किया है। एक्स पर एक पोस्ट में संजय राउत ने एक इन्फोग्राफिक साझा किया, जिसमें लिखा है, कुछ लोग कुत्ते तो होते हैं लेकिन वफादार नहीं होते। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया जय महाराष्ट्र! दरअसल,



संजय राउत की यह टिप्पणी एकनाथ शिंदे के बयान के बाद आई है।

#### शिंदे गुट में 6 सांसद जाने के लिए तैयार

ऑपरेशन टाइगर को लेकर अटकलों को तब और बल मिला जब शिवसेना एमएलसी चंद्रकांत रघुवंशी ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों ने शिंदे के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है और उनके गुट में शामिल होने के लिए तैयार हैं। इस संकट ने उद्धव ठाकरे खेमे को एक और बड़े विभाजन की संभावना का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया है, लगभग चार साल पहले महा विकास अघाड़ी सरकार का पतन हुआ था।

#### शिंदे ने दिया था कुत्ते वाला बयान

शिंदे ने उद्धव गुट पर कटाक्ष करते हुए कहा, कुछ कुत्ते भौंकते रहते हैं। कल और परसों भी वे भौंकते रहेंगे। मैं आपको एक बात बताता हूं कुत्ते झुंड में भौंकते हैं, लेकिन शेर अकेला आता है। जब शेर शिकार करता है तो कुत्ते भौंकते रहते हैं। जब शेर दहाड़ता है तो कुत्ते भौंकते रहते हैं। यही शिवसेना है। और आज यह शिवसेना महाराष्ट्र में मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है। बताते चलें कि यह दोनों गुटों में यह राजनीतिक बयानबाजी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के भीतर एक नए विभाजन की बढ़ती अटकलों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जब पार्टी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने बैठक में भाग नहीं लिया।

- शाह बोले-बांग्लादेश रोए या चिल्लाए, अभियान जारी रहेगा

## घुसपैठियों के खिलाफ नहीं रुकेगी शुभेंदु की स्ट्राइक

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान सामने आया है। गृह मंत्री ने कहा है कि बंगाल समेत पूरे देश में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ अभियान नहीं रुकेगा। अमित शाह ने कहा है कि बंगाल की सीमा से सरकार घुसपैठ नहीं होने देगी। गृह मंत्री अमित शाह ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के सीएम बनने के बाद अवैध घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन शुरू हुआ है। अब तक राज्य से 5000 के करीब अवैध बांग्लादेशियों को बाहर किया गया है।



**बंगाल बॉर्डर से नहीं होने देंगे घुसपैठ**– गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर से बंगाल के लोगों से बड़ा वादा किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और बीजेपी बंगाल के लोगों कर्ज उतारेगी। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा। शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। यहां पैदा हुए लोग ही देश में रहेंगे। सभी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा। अमित शाह ने कहा कि पिछले 12 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ से गंगासागर तक बीजेपी का शासन फैला है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में 14 साल की नाबालिग से गैंग रेप, मां ने 2 फुफेरे भाइयों सहित 6 पर एफआईआर दर्ज कराई

**हाजीपुर**। वैशाली के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र में एक 14 साल की नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की की मां ने अपनी बेटी के 2 फुफेरे भाइयों सहित 6 आरोपियों के खिलाफ 17 जून को FIR दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामले में एक्शन लेते हुए सभी आरोपियों को बुधवार 17 जून को ही गिरफ्तार कर लिया है। 18 जून को सभी आरोपी को जेल भेजा गया, और लड़की का मेडिकल जांच कर कोर्ट में बयान दिलाया गया है। हालांकि, इस मामले में एक और पहलू भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग का पटना के अथमलगोला निवासी नितिश कुमार से पिछले 6 महीने से प्रेम संबंध था। नितिश अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था और दोनों पास के ही एक झोपड़ीनुमा मकान में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए थे। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नाबालिग की मां ने पुलिस को बताया कि 14 जून की रात करीब 11 बजे उनकी बेटी शौच के लिए बाहर निकली थी। इसी दौरान नामजद आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और गांव के एक व्यक्ति की झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपियों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता को धमकी दी गई कि अगर उसने किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। मां ने यह भी आरोप लगाया कि 15 जून को जब वे एक आरोपी के घर गईं, तो उन्हें जातिसूचक गालियां देकर भगा दिया गया। रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने जानकारी दी कि लड़की की मां के आवेदन पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार, राहुल कुमार (दोनों पिता सुख बली दास), संतोष कुमार, दिनेश दास (दोनों पिता जगदेव दास), मंजन कुमार (पिता राजीश्वर राय) और पटना के अथमलगोला थाना निवासी नितिश कुमार (पिता जय प्रकाश दास) के रूप में हुई है। सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने नाबालिग लड़की का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। इस घटना को लेकर कुछ सवाल भी उठाए जा रहे हैं और पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है।

### सोशल मीडिया पर बिकरू कांड दोहराने की धमकी, वैशाली में कुख्यात सर्वेश चौधरी ने दी चुनौती

**हाजीपुर**। वैशाली में एक कुख्यात अपराधी ने सोशल मीडिया पर पुलिस और सरकार को खुली चुनौती दी है। वायरल वीडियो में अपराधी ने उत्तर प्रदेश के चर्चित बिकरू कांड जैसी घटना दोहराने की धमकी दी है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिले के कुख्यात अपराधी सर्वेश चौधरी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पुलिस और सरकार को चुनौती देते हुए बिकरू कांड जैसी घटना को अंजाम देने की बात कह रहा है। वीडियो में आरोपी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणी की है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सर्वेश चौधरी के खिलाफ लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पहले भी पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना में शामिल रहा है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर बेलसर थाना पुलिस और अन्य टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि सर्वेश चौधरी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### पॉलिटेक्निक छात्रा से रेप मामला में हॉस्टल का गार्ड आरोपी, अपर सत्र न्यायाधीश ने दी आजीवन कारावास

**हाजीपुर**। वैशाली के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने पॉलिटेक्निक कॉलेज की 20 वर्षीय छात्रा से रेप के मामले में एक हॉस्टल गार्ड को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 50 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। लोक अभियोजक श्याम बाबू राय ने बताया कि यह घटना 10 नवंबर 2023 की रात करीब 8:30 बजे हुई थी। भागलपुर के बीहपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता वैशाली प्रखंड स्थित सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ती थी। वहीं कॉलेज के पास जैनुल मियां के प्राइवेट गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। इसी हॉस्टल में गार्ड के रूप में कार्यरत अब्दुल हकीम ने पीड़िता के कमरे का दरवाजा खटखटाया और अंदर घुसकर जबरन रेप किया। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने फोन पर अपनी मां को इसकी सूचना दी। मां की सूचना पर बेलसर थाना पुलिस रात करीब 1:30 बजे हॉस्टल पहुंची। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज किया और थाना कांड संख्या 492/23 के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान, पुलिस ने पीड़िता के कपड़े और बेड की चादर जब्त की। मेडिकल जांच में रेप की पुष्टि हुई। आरोपी अब्दुल हकीम को गिरफ्तार कर उसकी भी मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें अपराध की पुष्टि हुई। पुलिस ने 13 दिसंबर 2023 को आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने 15 फरवरी 2024 को मामले का संज्ञान लिया। 21 जून 2024 को धारा 376, 341, 323, 506 और 342 के तहत आरोप गठित किए गए। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 6 गवाह पेश किए। सुनवाई पूरी होने के बाद, कोर्ट ने 12 जून 2026 को अब्दुल हकीम को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद, 19 जून 2026 को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया। दोषी अब्दुल हकीम को धारा 376 में सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, धारा 342 और 323 में एक-एक साल का साधारण कारावास, धारा 341 में एक माह का कारावास, तथा धारा 506 में 5 साल का सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए का जुर्माना भी सुनाया गया। कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।



### राजद के पूर्व विधायक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी व्हाट्सएप कॉल-मैसेज से मिली जान से मारने की चेतावनी

**हाजीपुर**। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व विधायक और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी मुकेश रौशन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सदस्य ने जान से मारने की धमकी दी है। यह धमकी उन्हें व्हाट्सएप मैसेज और कॉल के जरिए मिली है। यह घटना 19 जनवरी को हुई, जब सुबह 9:58 बजे मुकेश रौशन के मोबाइल पर एक व्हाट्सएप वॉयस कॉल आया। उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया, जिसके बाद उन्हें एक मैसेज भेजा गया। मैसेज का जवाब न मिलने पर फिर से वॉयस कॉल किया गया। शाम 5:20 बजे भी एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसका जवाब नहीं मिलने पर आरोपी ने कड़े चेतावनी वाले मैसेज भेजे। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया और कहा, "तुम बात करोगे या नहीं, प्लीज कॉन्टैक्ट बात करो MLA, नहीं तो दिक्कत होगी तेरे को - बहुत हो गई प्यार की बातें।" धमकी मिलने के बाद पूर्व विधायक मुकेश रौशन ने पटना के एसएसपी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अगमकुआं थाना, पटना में भी आवेदन दिया है। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुकेश रौशन ने अपने आवेदन में कहा है कि उन्हें जिस नंबर से मैसेज आया है, उसमें लॉरेंस बिश्नोई गैंग का जिक्र है और उन्हें धमकी दी जा रही है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रौशन ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए भी आग्रह किया है, क्योंकि 1993 में उनके पिता सहित कई संबंधियों की हत्या हो गई थी। मुकेश रौशन महुआ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रह चुके हैं।

# एजेंसी मालिक के घर डकैती करने वाले 14 गिरफ्तार

## यूपी-झारखंड और महाराष्ट्र के भी हैं अपराधी, रेलवे स्टेशन के आसपास घरों को बनाते थे निशाना

एजेंसी, पटना

पटना पुलिस ने बिहटा थाना क्षेत्र में केसरी एजेंसी के मालिक के घर हुई डकैती का खुलासा कर दिया है। इस मामले में बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी का सामान और हथियार भी बरामद किए हैं। दानापुर डीएसपी 2 अमरेंद्र कुमार झा ने बताया 19 जून की रात में बिहटा थाना की पुलिस को सूचना मिली कि पाली हॉल्ट के पास कुछ अपराधी इकट्ठा हुए हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए हैं। जिसके बाद छापेमारी दल ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया। 2 कट्टा, 5 कारतूस, चोरी में इस्तेमाल पेचकस, पिलास बरामद किए गए।

गिरफ्तार 14 अपराधी बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और यूपी के रहने वाले हैं। जांच में पता चला कि सभी गिरफ्तार अपराधी रेलवे स्टेशन के आसपास के घरों को अपना



निशाना बनाते थे और यह चलता फिरता गिरोह के रूप काम करता था और इसका मुख्य केंद्र बिहार के भोजपुर का रमना मैदान था।

**बंधक बनाकर गहने और नकदी किए थे चोरी**: यह घटना बीते 17 मई को बिहटा के चीनी मिल रोड स्थित केसरी एजेंसी के मालिक के घर पर हुई थी। 6 से 7 डकैतों ने घर के पीछे के रास्ते से प्रवेश किया था। डकैतों ने घर में सो रही एक बुजुर्ग महिला को बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने घर के लॉकर से लगभग 40 लाख रुपये से अधिक के गहने और नकदी चोरी कर ली। डकैती के दौरान बुजुर्ग महिला के बेटे संजीव भारती की नींद खुल गई। उन्होंने डकैतों का विरोध किया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी।

**सभी डकैतों से पुलिस कर रही है पूछताछ**: सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी टीम की सहायता से पुलिस ने कार्रवाई शुरू की और इस मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार सभी डकैतों से पुलिस पूछताछ कर रही है और उनके पूरे गिरोह का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दानापुर डीएसपी 2 अमरेंद्र कुमार झा ने इस घटना की विस्तृत जानकारी जल्द देने की बात कही है। थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि, 'बीते 17 मई को हुए केसरी एजेंसी के मालिक के घर में डकैती के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की, जिसमें 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी गिरफ्तार एक गिरोह के रूप में काम किया करते थे।'

## घर के बाहर बैठे वृद्ध को पिकअप ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

एजेंसी, पटना

दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के उड़ान टोला में एक सड़क हादसे में 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने घर के बाहर चौकी पर बैठे वृद्ध को टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध ने शनिवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान उड़ान टोला निवासी सूर्यदेव सिंह (70) के रूप में हुई है। वहीं, घटना के बाद गांववालों ने मौके पर ही पिकअप ड्राइवर को धर दबोचा, जिसे पुलिस के हवाले किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात सूर्यदेव सिंह अपने घर के बाहर चौकी पर बैठे थे। इसी दौरान शिवाला मोड़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर उनकी चौकी से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सूर्यदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें तुरंत सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा



❑ **पिकअप ड्राइवर को ग्रामीणों ने दबोचा**

गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप वैन को पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया, 'शुक्रवार रात पिकअप वैन की टक्कर से घायल हुए वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे महेश कुमार के बयान पर गाड़ी चला रहे ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पटना में 15 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना पुलिस नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुद्धा कॉलोनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। बांस घाट स्थित मरीन ड्राइव पर एल एंड टी कास्टिंग यार्ड जाने वाली सड़क के पास से 15 किलो गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी 57 वर्षीय किशुन दयाल भगत के रूप में हुई है।

मरीन ड्राइव के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही दो बैग लेकर भागने लगा। पुलिस ने सशस्त्र बल की मदद से उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद दो बैगों मिले, जिसमें से कुल 15 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके



अलावा 2250 रुपये नकद और एक कीपैड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत बाजार में लगभग 4.5 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही इस तस्करी गिरोह में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अब तक जो भी बड़ी खेप बरामद हुई है, इसमें सब खेप का कनेक्शन राघोपुर से ही निकलकर सामने आया है। फिलहाल पुलिस लिंकेज खंगाल रही है।

## गैस रिसाव से लगी आग, 3 लोग झुलसे, महिला की हुई मौत, 2 बेटियों की हालत गंभीर

एजेंसी, पटना

पटना के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी गांव में गैस सिलेंडर रिसाव से आग लग गई। इसमें गंभीर रूप से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान 42 वर्षीय सरिता देवी के तौर पर हुई है। इस घटना में उनकी दो बेटियां प्रीति और कृति भी गंभीर रूप से झुलस गई थीं, जिनमें से एक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद लिखित शिकायत देने के बावजूद 9 दिनों तक मामला दर्ज नहीं किया गया और जांच की प्रक्रिया समय पर शुरू नहीं हुई। इस संबंध में उन्होंने प्रशासन और वरीय पुलिस अधिकारियों को भी आवेदन देने की बात कही है।

**सिलेंडर बदलने के दौरान लगी आग**: मृतका के देवर धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक, उनके बड़े भाई और पूर्व सैनिक सत्येंद्र राय अपने परिवार के साथ शाहपुर के चांदमारी पाटमर स्कूल के पास रहते हैं। 10 जून की रात घर में खाना



बनाते समय गैस सिलेंडर खत्म हो गया था। नया सिलेंडर लगाते समय उसमें से गैस का रिसाव होने लगा, जिसके बाद अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा फ्रिज भी फट गया। घटना में सरिता देवी और उनकी दोनों बेटियां गंभीर रूप से झुलस गईं। पहले उन्हें सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में सरिता देवी और उनकी एक बेटी को बेहतर इलाज के लिए दूसरे निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां गुरुवार रात सरिता देवी की मौत हो गई।

♦ केस दर्ज करने में लोटलतीफी के आरोप

**गैस एजेंसी की भूमिका पर सवाल**: धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि यह हादसा गैस एजेंसी की लापरवाही के कारण हुआ है। उन्होंने यह भी कहा, 'शिकायत के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की और मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही थी।' हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच जारी है।

**पुलिस ने कहा— केस दर्ज, रिपोर्ट का इंतजार**: इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया है, 'मृतका के परिजन के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई के लिए फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल, हादसे के कारणों को लेकर अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

## डांसर बहनों के साथ गैंगरेप, बोलीं- तिलक का कहकर ले गए, वहां 10 से ज्यादा लड़कों ने रातभर दरिंदगी की

एजेंसी, पटना

पटना के नौबतपुर में दो सगी बहनों के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। लड़कियों ने बताया कि उन्हें एक तिलक समारोह में डांस कार्यक्रम के बहाने गांव बुलाया गया था, जहां दोनों बहनों के साथ कई लोगों ने रेप किया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में नौबतपुर थाने में तीन नामजद सहित 10 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। दोनों झारखंड के लातेहार जिले की रहने वाली है। वर्तमान में पटना के मीठापुर इलाके में किराए के मकान में रहती थीं। दोनों बहनों को आरोपियों ने 8 हजार रुपए में बुक किया और स्कूटी से अपने साथ ले गए।

**पीड़िता बोली- भागने की कोशिश की तो मारपीट करने लगे**: पुलिस को दिए गए आवेदन के मुताबिक, घटना 18 जून की है। पीड़िताओं को नौबतपुर के एक गांव में तिलक समारोह के दौरान डांस कार्यक्रम के लिए बुलाया गया था। कार्यक्रम की बुकिंग भेलुरा रामपुर निवासी मुन्ना कुमार ने की थी। आरोप है कि मुन्ना कुमार दोनों बहनों को



मीठापुर से स्कूटी पर बैठाकर अपने गांव ले गया। वहां कार्यक्रम स्थल पर ले जाने के बजाय वह अपने चचेरे भाई सूरज, भानु कुमार और अन्य युवकों के साथ उन्हें जबरन एक सुनसान जगह पर ले गया। पीड़िताओं का आरोप है कि इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया, जहां आरोपियों ने बारी-बारी से पूरी रात उनके साथ दुष्कर्म किया। जब उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्हें अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर आरोपियों ने बारी-बारी से पूरी रात दुष्कर्म किया।

अगली सुबह, 19 जून को आरोपी दोनों बहनों को एक गाड़ी से वापस छोड़ने ले जा रहे थे। जब वाहन फुलवारीशरीफ इलाके में पहुंचा, तो युवतियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवतियों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर फुलवारीशरीफ थाने पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल नौबतपुर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद नौबतपुर थाना की टीम फुलवारीशरीफ पहुंची और पीड़िताओं को अपने साथ लेकर नौबतपुर थाने चली गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए फुलवारीशरीफ के SDPO-2 दीपक कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य भी जुटाए। पुलिस ने तीन नामजद समेत एक दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया है। नौबतपुर थानाध्यक्ष मंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि, 'पीड़िताओं के आवेदन के आधार पर मुन्ना कुमार, सूरज कुमार और भानु कुमार सहित कुल 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## खान सर के अस्पताल की दूसरी बार फायर ऑडिट

एजेंसी, पटना

खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग के संस्थापक खान सर फायरिंग मामले पहले से मुश्किल में है। हालांकि, उन्हें पटना सिविल कोर्ट ने खान सर की गिरप्तारी के स्टे ऑर्डर को 25 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। इस बीच फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम आज दूसरी बार खान सर के अस्पताल में ऑडिट करने पहुंची है। पटना के लोदीपुर अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछली बार 7 जून को ऑडिट हुआ था, जिसमें कई खामियां पाई गई थी। इसके बाद विभाग ने कोचिंग और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार के लिए 7 से 10 दिन का समय दिया था। अब 14 दिन के बाद दूसरी बार अग्निशमन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची है। पिछली बार जो हिदायत दी गई थी, उसमें कितना अपग्रेड किया गया है, इसका



❑ **अग्निशमन पदाधिकारी बोले- पिछली बार मिली खामियां में अभी भी सुधार नहीं, दूसरा नोटिस थमाया**

निरीक्षण किया जा रहा है। फायर सेफ्टी विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर नहीं किया गया तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। लोदीपुर अग्निशमन पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया, 'पिछली बार खामियां पाई गई थी, जिसके आधार पर नोटिस दिया गया था।

## बेगूसराय गैंगरेप मामला, महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

एजेंसी, पटना

बिहार के बेगूसराय जिला के चकिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बंधक बनाकर महिला से सामूहिक दरिंदगी की गई थी। इस मामले में बिहार राज्य महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है और इस मामले पर अपने स्तर से जांच कराते हुए आवश्यक कानूनी धाराओं के अन्तर्गत मामले में संलिप्त दोषियों के विरूद्ध तुरंत कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही जांच की अपडेट रिपोर्ट भी आयोग में पेश करने को कहा है। बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रो अप्सरा ने पत्र में लिखा कि, बेगूसराय जिले के चकिया थाना अन्तर्गत एक गांव में 11 जून की रात्रि लगभग 11:30 बजे शौच के लिए निकली महिला के साथ पूर्व से घात लगाए नकाबपोश बदमाशों ने उसके हाथ-पैर और मुंह बांधकर सामूहिक दुष्कर्म किया और




♦ **पुलिस अधीक्षक से मांगी जांच रिपोर्ट, अविलंब दोषियों पर कारवाई के निर्देश दिए**

बेरहमी से ब्लेड से वार किया। ये मामला प्रकाश में आया है, इसलिए इसपर जांच के बाद अविलंब दोषियों पर कारवाई हो।' बेगूसराय में एक महिला (28) के साथ 5 युवकों ने गैंगरेप किया। 11 जून की रात टॉयलेट के लिए महिला कमरे से निकली थी। इसी दौरान आरोपियों ने महिला को पकड़ लिया और साड़ी से उसका मुंह बांध दिया, ताकि चिल्लाने की आवाज नहीं आए। इसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

## पटना में अगस्त तक तैयार होंगे 4 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, आधुनिक मशीनों से होगा कचरा डिस्पोज

एजेंसी, पटना

पटना को कचरा मुक्त बनाने के लिए सभी अंचलों में मॉडर्न गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाने की प्लानिंग है। इसमें से 4 अंचलों में सिविल वर्क का काम चल रहा है। इसमें नूतन राजधानी अंचल के यारपुर, पाटलिपुत्र के दीघा गोलंबर, कंकड़बाग के ट्रांसपोर्ट नगर और बांकीपुर अंचल के बाजार समिति के पास व्हीकल यार्ड में कार्य प्रगति पर है। पटना नगर निगम का दावा है कि अगस्त तक चारों स्थलों पर निर्माणाधीन ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा।

**69.97 करोड़ लागत, 6 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन होंगे तैयार**: शहर की विभिन्न जगहों पर 6 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण में करीब 69.97 करोड़ रुपये खर्च



होंगे। सबसे ज्यादा खर्च पटना सिटी अंचल में होगा। यहां करीब 13.97 करोड़ रुपये से निर्माण किया जाएगा। वहीं, पटना सिटी अंचल और अजीमाबाद अंचल में जमीन नहीं मिली है। इन दो अंचलों में जमीन उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। इसके लिए नगर निगम ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर जमीन आवंटित करने का अनुरोध किया है। यह कचरा ट्रांसफर स्टेशन आधुनिक मशीनों जैसे कंपैक्टर, कन्वेयर और हाइड्रोलिक सिस्टम से सुसज्जित होगा, जिससे कचरे का निपटान तुरंत, सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से किया जा सकेगा। यह स्टेशन शहर की वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेगा, जिससे लोकल कलेक्शन पॉइंट से कचरे को फाइनल प्रोसेसिंग या डिस्पोजल साइट तक पहुंचाना संभव होगा।

♦ **यारपुर, दीघा गोलंबर, ट्रांसपोर्ट नगर और बाजार समिति में काम जारी**

**कचरे को निर्मित विशेष प्लेटफार्मों पर उतारा जाएगा**: इन कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर, घरों, दुकानों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से छोटे वाहनों (जैसे टिपर, रिक्शा, ई-रिक्शा आदि) द्वारा इकट्ठा किए गए कचरे को गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन परिसर में निर्मित विशेष प्लेटफार्मों पर उतारा जाएगा। इसके बाद कचरे को मशीनों द्वारा संकुचित किया जाएगा, जिससे एक बार में अधिक मात्रा में कचरा लोड किया जाएगा और सीधे प्रोसेसिंग प्लांट या लैंडफिल स्थल पर भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 वर्षीय बालिका रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस ने जारी की अपील

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के नकरदेई थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय एक बालिका के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बालिका की तलाश के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार भवानीपुर बाजार निवासी आदित्य प्रसाद की पुत्री रोशनी कुमारी (13 वर्ष) 18 जून 2026 की सुबह करीब चार बजे अपने घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद मामले की सूचना नकरदेई थाना को दी गई। पुलिस द्वारा जारी हुलिया के अनुसार रोशनी का रंग गोरा है तथा उसके चेहरे पर काले रंग का चोट का निशान है। घटना के समय वह गुलाबी रंग का फ्रॉक और छिटेदार लाल रंग की ओढ़नी पहने हुई थी। उसकी लंबाई लगभग चार फीट है और बाल काले रंग के हैं। नकरदेई थाना पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि बालिका कहीं दिखाई दे अथवा उसके संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बालिका की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9031827100, नकरदेई थाना के मोबाइल नंबर 9031827094 एवं 8539817654 तथा अन्य संपर्क नंबर 9546269406 पर दी जा सकती है।

### एचएचडी मशीन से फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर का खुलासा, चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के पचपकड़ी थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एचएचडी मशीन से जांच के दौरान मोटरसाइकिल का फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार नियमित वाहन जांच के दौरान पचपकड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोककर उसके दस्तावेजों और विवरणों की जांच की गई। एचएचडी मशीन से सत्यापन करने पर वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर और चेसिस नंबर में अंतर पाया गया। इसके बाद की गई गहन जांच में वाहन के चोरी की मोटरसाइकिल होने की बात सामने आई। मामले में पुलिस ने सतनाम पटेल, पिता रायमोबिंद पटेल, निवासी जमुआ, थाना बगिनिया, जिला सीतामढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी की मोटरसाइकिल कहां से लाई गई थी तथा इस अवैध कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि एचएचडी मशीन के माध्यम से वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस तकनीक की मदद से चोरी के वाहनों, फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबरों और जाली दस्तावेजों के सहारे संचालित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायता मिल रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### बगहा पुलिस की कार्रवाई में 9 गिरफ्तार, हथियार, शराब और नकदी बरामद

**बीएनएम@ बगहा।** पश्चिम चंपारण के पुलिस जिला बगहा अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हथियार, कारतूस, शराब, नकदी, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। भैरोगंज थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए गुड्डू मियां उर्फ इख्तेदार, तनवीर खान, नबी आलम, मुराद अली, कलाम आलम, सरफराज आलम, जफरुद्दीन अंसारी, इस्म हुसैन, अवधेश जायसवाल तथा जुबेजुन मियां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा, एक धारदार चाकू, 11,740 रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल और नौ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वहीं गौनाहा थाना पुलिस ने वारंट के आधार पर नरेश महतो और बुधन पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चौतरवा थाना पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज मामले में वारंटी सोहन राम को गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। इसके अलावा बगहा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 59.50 लीटर देसी चुलाई शराब, एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान 236 वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 23 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने बताया कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पंचायत चुनाव को लेकर वायरल आरक्षण रोस्टर फर्जी, बीडीओ ने किया खंडन

**बीएनएम@ तुरकौलिया।** पंचायत चुनाव 2026 के लिए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आरक्षण रोस्टर को तुरकौलिया प्रखंड प्रशासन ने फर्जी बताया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष राज ने कहा कि अभी तक किसी भी पंचायत का आधिकारिक आरक्षण रोस्टर जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया जारी है और अंतिम सूची जारी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित सूची भ्रामक है, इसलिए संभावित प्रत्याशी और आम नागरिक उस पर भरोसा न करें। बीडीओ ने कहा कि प्रशासन केवल आधिकारिक रूप से जारी सूचना को ही मान्य मानता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना के आधार पर भ्रमित न हों और सही जानकारी प्रशासनिक माध्यमों से ही प्राप्त करें। संतोष राज ने बताया कि पंचायतवार आधिकारिक आरक्षण रोस्टर इस माह के अंतिम सप्ताह तक जारी होने की संभावना है। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

# स्वच्छता कार्यों में लापरवाही पर डीडीसी सख्त, सात दिनों में डब्लू.पी.यू निर्माण व खराब रिक्शों को चालू करने का निर्देश

बीएनएम@ मोतिहारी



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की प्रगति की समीक्षा उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयकों के साथ की गई। उक्त समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि 21 पंचायतों में भूमि विवाद एवं जगह के अभाव के कारण वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित मामलों का शीघ्र निपटारा कर निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं, 27 पंचायतों में निर्माणाधीन डब्ल्यूपीयू का कार्य सात दिनों के भीतर पूर्ण करने को कहा गया। निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों में 36 इकाइयां अक्रियाशील पाई गईं, जिन्हें तत्काल चालू कराने का निर्देश दिया गया। ई-रिक्शा एवं पेडल रिक्शा की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 101 ई-रिक्शा तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। इन्हें मरम्मत कर शीघ्र चालू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही 547 वार्डों में पेडल रिक्शा खराब रहने से घर-घर कचरा संग्रहण प्रभावित होने की जानकारी मिली। सभी खराब पेडल रिक्शों को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने का आदेश दिया गया। सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की समीक्षा में 58 परिसर अक्रियाशील पाए गए, जिन्हें तत्काल क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि किसी स्वच्छता परिसर में भूसा अथवा अन्य सामग्री रखी हुई पाई गई तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक सोख्ता निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि प्रत्येक वार्ड में दो सामुदायिक सोख्ता निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है, लेकिन अब तक 3,243 सामुदायिक सोख्तों का निर्माण नहीं हो सका है। निर्देश दिया गया कि नियमानुसार निर्माण कार्य पूरा कर घरों को पाइप से जोड़ते हुए किचन एवं बाथरूम से निकलने वाले ग्रे-वॉटर के समुचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई गई राशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र के संबंध में निर्देश दिया गया कि जिन पंचायतों से प्रमाण-पत्र लंबित हैं, वे 24 जून 2026 तक हर हाल में उपलब्ध करा दें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों के मानदेय भुगतान हेतु राशि उपलब्ध करा दी गई है। जिन पंचायतों में दिसंबर 2025 तक का मानदेय भुगतान लंबित है, वहां से अविलंब अधियाचना भेजने को कहा गया ताकि राशि उपलब्ध कराई जा सके। स्वच्छ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली (एसडब्ल्यूएम रूल्स-26) के तहत बड़े कचरा उत्पादकों की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक तथा जिला सलाहकार भी उपस्थित थे।

## बापूधाम स्टेशन पर अन्नपूर्णा रसोई का 216वां आयोजन, 400 से अधिक जरूरतमंदों को कराया गया भरपेट भोजन




बीएनएम@ मोतिहारी

समाज के सभी वर्गों के लोग जब बिना किसी जातीय भेदभाव के एक साथ बैठकर निःशुल्क भोजन ग्रहण करते हैं, तो इससे समाज में भाईचारा, प्रेम और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत होती है। इसी उद्देश्य को लेकर नगर के देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद एवं सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान द्वारा बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर प्रत्येक शनिवार को अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क भरपेट भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है। यह सेवा अभियान लगातार पांचवें वर्ष भी जारी है। संस्था के सेवक राम भजन ने बताया कि भोजन सेवा का यह कार्य संस्था के सदस्यों के भीतर से अहंकार और स्वार्थ की भावना को समाप्त कर दूसरों के प्रति करुणा और सेवा भाव विकसित करता है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा के समान है और इसी भावना के साथ सभी सदस्य इस अभियान से जुड़े हुए हैं। संस्था के आजीवन सहयोगी विनोद जालान ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच आयोजित अन्नपूर्णा रसोई के 216वें आयोजन में 400 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच चावल, रसदार सब्जी, सलाद तथा शीतल जल के साथ भोजन वितरित किया गया। मौके पर सेवा कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता विक्की कुमार, रविंद्र कुमार, नेहाल कुमार, गुड्डू कुमार, रामचंद्र शाह सहित कई स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटना नियंत्रण पर मंथन, दो राहगीरों को मिला गुड सेमेरिटन सम्मान

बीएनएम@ मोतिहारी




सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित सड़क सुरक्षा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश करने वाले दो लोगों को "राहवीर गुड सेमेरिटन" सम्मान से सम्मानित किया गया। सांसद राधा मोहन सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी बिहारी बैठा तथा केसरिया प्रखंड के कढ़ान निवासी नितेश कुमार सिंह शामिल हैं। दोनों ने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की समय पर मदद कर उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सांसद ने दोनों के मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित सहायता पहुंचाना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने आम लोगों से भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान, यातायात नियमों के पालन तथा संबंधित विभागों के समन्वय पर विशेष बल दिया गया।

# प्रेम प्रसंग से जुड़े युवक की संदिग्ध मौत मामले में 11 नामजद, प्रेमिका का भाई गिरफ्तार

बीएनएम@ हरसिद्धि/मोतिहारी



थाना क्षेत्र के जैल मुरारपुर सरेह में पेड़ से लटके मिले युवक के शव मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मृतक की पत्नी के आवेदन पर 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की जा रही है। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि 19 जून की सुबह सूचना मिली थी कि जैल मुरारपुर सरेह में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। सूचना पर हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान मृतक की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के फतुहा गांव निवासी स्वर्गीय नथुनी राम के 30 वर्षीय पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वायड को घटनास्थल पर बुलाया गया। वैज्ञानिक जांच टीम तथा मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव को पेड़ से उतारकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डीएसपी ने बताया कि मृतक के पास से उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मोबाइल की जांच में घटना से पूर्व पत्नी एवं अन्य रिश्तेदारों को भेजे गए कई ऑडियो और वीडियो मिले हैं। इन सभी सामग्रियों की तकनीकी जांच कराई जा रही है। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक का जैल मुरारपुर गांव की एक रिश्ते की बालिग युवती से प्रेम संबंध था। मोबाइल में मिले कुछ वीडियो में युवक मानसिक तनाव की स्थिति में दिखाई दे रहा है तथा प्रेमिका से मिलने की इच्छा व्यक्त कर रहा है। पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच रही है। मृतक की पत्नी गुड़िया देवी के आवेदन पर 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में प्रेमिका के भाई सोनेलाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। डीएसपी रवि कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच रिपोर्ट तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या किसी साजिश के तहत हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## 49.1 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई

बीएनएम@ मोतिहारी

मोतिहारी पूर्वी चंपारण जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 49.1 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, छौड़ादानो थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि खुनायपुर स्थित सैनिक रोड के समीप मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद छौड़ादानो पुलिस एवं महुआवा एसएसबी की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 49.1 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद आलम, पिता एजाज आलम, निवासी बड़हरवा, थाना छौड़ादानो, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में की गई है। पुलिस ने बरामद गांजा को जब्त कर लिया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि गांजे की खेप कहां से लाई गई थी, इसे कहां पहुंचाया जाना था तथा इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस अभियान का नेतृत्व रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने किया। छापेमारी दल में छौड़ादानो थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, पुलिस पदाधिकारी सुरेश कुमार निराला, छौड़ादानो थाना के सशस्त्र बल तथा एसएसबी की बी कंपनी, 71वीं बटालियन के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## चोरी के 100 लीटर डीजल के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के डीजल के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 100 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि कोटवा थाना क्षेत्र के सिहोरा गांव में चोरी के डीजल का अवैध भंडारण एवं खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने राजन कुमार, पिता जयराम, निवासी सिहोरा कररिया, थाना कोटवा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 100 लीटर चोरी का डीजल बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में अवैध रूप से डीजल के भंडारण और उसकी खरीद-बिक्री किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने बरामद डीजल को जब्त कर लिया है तथा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच करते हुए यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी का डीजल कहां से लाया गया था और इस अवैध कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। कोटवा थाना पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना, छात्रों के न्याय तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

बीएनएम@ मोतिहारी



पूर्वी चम्पारण जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में शनिवार को शहर के समाहरणालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त अनियमितताओं, लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए ई. शशि भूषण राय ने कहा कि देश गंभीर शिक्षा एवं रोजगार संकट से गुजर रहा है। भ्रष्टाचार और सरकार की विफलताओं ने शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर को प्रभावित किया है, जिसका खामियाजा देश के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन पेपर लीक होना, परीक्षाओं का अचानक रद्द होना, छात्रों को दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर करना, भर्ती प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी और बढ़ती बेरोजगारी सरकार की नाकामी को उजागर करती है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों ने छात्रों के बीच निराशा, तनाव और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है, जिसके कारण आत्महत्या जैसी घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। बावजूद इसके शिक्षा मंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह मौन बने हुए हैं। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में हो रहे अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान चलाकर छात्रों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाएं और वर्तमान शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की विफलताओं को उजागर करें। उन्होंने घोषणा की कि इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए 21 से 30 जून के बीच प्रखंड मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न संगठनों, प्रकोष्ठों, कार्यकर्ताओं तथा आम जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रो. विजय शंकर पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सिंह, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नन्द कुमार चौबे, चन्द्रबली पाण्डेय, प्रिंस मिश्रा, हरी किशोर पटेल, राज कुमार अंजुमन, राज कुमार कुशवाहा, संजय कुमार यादव, रंजीत पाण्डेय, चन्देश्वर कुमार सिंह, खलीलुर रहमान खां, जयचन्द्र प्रसाद यादव, आशीष रंजन सिंह, पप्पू रंजन मिश्रा, नेयाज अहमद खान, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, रामाशीष प्रसाद यादव, सुमन सिंह, संजीव ठाकुर, मोहन गिरी, रामेश्वर सिंह, ओसैदुर्र रहमान खान, किरण कुमारी, रमेश कुमार श्रीवास्तव, नित्यानन्द जी, डॉ. आसिक रंजन सिंह, मुख्तार आलम, शम्भू राम, मोख्तार प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार झा, अजहर हुसैन अंसारी, गणेश केसरी, शैलेन्द्र कुमार ठाकुर, राजेश कुमार तिवारी, प्रेम किशोर पाण्डेय, राहुल सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नीरज तिवारी, संजय कुमार, मोहम्मद लाल, आबिद हुसैन, अवधेश सिंह, परशुराम पाण्डेय, रमेश सहनी, पप्पू कुमार ठाकुर, अनिल कुमार सिंह, सकील अहमद, विश्वनाथ चौरसिया, अवध किशोर मिश्र, नवल शुक्ल, बिरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार यादव, मिथिलेश कुमार, अशोक मिश्रा, रंजन शर्मा, रघुनाथ प्रसाद, विनय कुमार सिंह, दिनेश कुमार जायसवाल, रमेश कुमार, अविनाश कुमार उपाध्याय एवं सत्येन्द्र कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के दो मामलों में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार कल्याणपुर थाना कांड संख्या 267/26 एवं 136/26 में दर्ज हत्या के प्रयास के मामलों में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान किशोरी बैठा, पिता स्वर्गीय सरयू बैठा, निवासी बखरी भगवानपुर तथा सोनेलाल शर्मा, पिता राजकिशोर ठाकुर, निवासी बसदेव छपरा, थाना भोपतपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। अधिकारियों के अनुसार गंभीर आपराधिक मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कल्याणपुर थाना पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग विवाद में खान सर को 25 तक गिरफ्तारी से राहत

**कोर्ट ने केस डायरी का अध्ययन शुरू किया**



**बीएनएम@** खान सर (फैजल खान) को कोचिंग विवाद मामले में पटना सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत में केस डायरी प्रस्तुत की, जिसके बाद न्यायालय ने खान सर की अंतरिम सुरक्षा (इंटरिम प्रोटेक्शन) को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दिया है। इस आदेश के तहत अदालत ने उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी या बलपूर्वक दंडात्मक कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगा दी है, जिससे उन्हें 25 जून तक गिरफ्तारी का सामना नहीं करना पड़ेगा।खान सर के साथ-साथ पुलिस द्वारा तलाशे जा रहे उनके तीन स्टाफ सदस्यों को भी अदालत ने अस्थायी कानूनी संरक्षण प्रदान किया है, जिससे उनके विरुद्ध भी कोई कठोर कदम नहीं उठाया जा सकेगा।

### पाटीदारों ने घर में घुसकर युवक को दागीं गोलियां, गंभीर

**तीन आरोपी हिरासत में**



**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर गांव में शुक्रवार की देर रात जमीन विवाद को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वर्ष 2019 में हुए एक हत्याकांड के मुख्य गवाह अजीत कुमार को उनके पड़ोसियों ने घर के दरवाजे पर चढ़कर ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दीं। गंभीर रूप से घायल अजीत को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां अत्यधिक रक्तस्राव और शरीर के भीतर गोली फंसी होने के कारण उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है।पीड़ित का अपने ही पाटीदारों से करीब 47 बीघा पैतृक जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में 2019 में उनके बड़े भाई की हत्या कर दी गई थी, जिसमें अजीत मुख्य गवाह थे और उन पर गवाही न देने का दबाव था। शनिवार को ही इस मामले में राजस्व अधिकारी के समक्ष प्रशासनिक सुनवाई और जमीन की मापी होनी थी, जिससे ठीक पहले इस खूनी वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तीन नामजद पड़ोसियों को हिरासत में ले लिया है ।

### विकास योजनाओं और आवास योजना की समीक्षा बैठक



**बीएनएम@योगापट्टी**: योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के मच्छरगांवा नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर मच्छरगांवा नगर पंचायत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, आवास योजना, विकासा त्मक योजनाओं एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नगर क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, नियमित कचरा उठाव, नालियों की सफाई तथा आम लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत के चेयरमैन अश्वनी कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) रीना कुमारी, वार्ड पार्षद धर्मनाथ कुमार उर्फ अशोक बाबू, मंटू कुमार, सरिता देवी, छोटू कुमार, हृदया यादव सहित अन्य पार्षदगण मौजूद थे

### भूमि विवाद के निष्पादन के लिए जनता दरबार आयोजित



**बीएनएम@ समस्तीपुर**। भूमि संबंधी विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के उद्देश्य से शनिवार को मोहिउद्दीननगर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजस्व अधिकारी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी सृष्टि सागर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों की सुनवाई की। भूमि विवाद से जुड़े कुल 10 मामले आए। सुनवाई के दौरान दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। राजस्व अधिकारी सृष्टि सागर ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप भूमि विवादों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए नियमित ।

### पानी विवाद के बाद बच्चे के अपहरण का आरोप

**बीएनएम@ समस्तीपुर**। -सीतामढ़ी के रीगा थाना क्षेत्र के चंडिहा गांव में एक बच्चे के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता रजनी देवी ने गांव के ही कमलेश कुमार पर अपने पुत्र मनीष कुमार के अपहरण का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पूर्व दोनों पक्षों के बीच पानी को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान कमलेश कुमार ने रजनी देवी को उनके बेटे के अपहरण की धमकी दी थी। इसके कुछ दिनों बाद मनीष अचानक लापता हो गया।बेटे के लापता होने के बाद परिजनों ने रीगा थाना में आवेदन दिया। पुलिस ने अपहरण की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर चिरैया थाना में शांति समिति की बैठक

**बीएनएम@ चिरैया**



मुहर्रम पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को चिरैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार ने की। इसमें राजस्व अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि जुलूस के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी अखाड़ा एवं जुलूस समितियों को प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग और समय का पालन करना होगा। उन्होंने बताया कि मुहर्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने पर्व के दौरान शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने, नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई। इस पर थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि मुहर्रम के दौरान शराब कारोबारियों एवं कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम जुलूस निकालने के लिए पूर्व की भांति लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस किसी भी जुलूस को अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी जुलूस समितियों एवं आम लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की। बैठक में अखाड़ा समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गणेश सहनी हत्याकांड में बड़ी सफलता, एक और आरोपी गिरफ्तार !



**बीएनएम@ समस्तीपुर**

ताजपुर थाना क्षेत्र के चर्चित गणेश सहनी हत्याकांड में समस्तीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल, मैगजीन, दो जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीते 8 फरवरी को ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर मिंडी गांव निवासी आदर्श कुमार उर्फ गणेश सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।इस कार्रवाई में ताजपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार प्रसाद, बिहार एसटीएफ की टीम तथा ताजपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दीक्षांत समारोह में 237 रंगरूटों के मार्च पास्ट से गूंजा वातावरण

**बीएनएम@ गयाजी**



पुलिस केंद्र में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। 237 सिपाही देश सेवा के लिये तैयार हुए। महीनों की मेहनत और अनुशासन के बाद सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस मौके पर देश सेवा का जज्बा हर एक सिपाही के चेहरे पर साफ झलक रहा था। 237 लोगों की ट्रेनिंग खत्म हुई है। समारोह की शुरुआत होते ही जब नए रंगरूटों ने कदम-से-कदम मिलाकर मार्च पास्ट शुरू किया तो पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रशिक्षुओं ने जिस गजब की ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ परेड का प्रदर्शन किया। इस गौरवमयी क्षण के गवाह बने मुख्य अतिथि के रूप में मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव मौजूद रहे। उनके साथ एसएसपी सुशील कुमार सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) समेत जिले के तमाम सीनियर पुलिस अधिकारी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। परेड की सलामी लेने के बाद मुख्य अतिथि आईजी विकास वैभव ने सभी नए सिपाहियों को देश सेवा, ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ अपने फर्ज को निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को संकल्प दिलाया कि चाहे कितनी भी चुनौतियां आएं, जीवन में हमेशा सत्य और न्याय के मार्ग पर ही चलना है। इस पूरे समारोह की सबसे खूबसूरत तस्वीर तब देखने को मिली जब परेड ग्राउंड में सिपाहियों के माता-पिता और अभिभावक पहुंचे। पूरी ट्रेनिंग के दौरान जिन सिपाहियों ने खेलकूद, अनुशासन और अन्य विधाओं में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, उन्हें मुख्य अतिथि की ओर से विशेष रूप से पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। समारोह के समापन पर एसएसपी सुशील कुमार ने सभी नए जवानों को बधाई दी।

# भाजपा का " विकसित भारत संकल्प सम्मेलन " का भव्य आयोजन

**» वन एवं पर्यावरण मंत्री का बड़गांव में किया गया भव्य स्वागत**

**बीएनएम@ बगहा**



भारतीय जनता पार्टी बगहा जिला के तत्वावधान में " विकसित भारत संकल्प सम्मेलन " का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न की गई। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक बारह वर्षों के कार्यकाल के बारह साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण के तहत् बगहा के बुद्धिजीवियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और प्रबुद्ध गणमान्य लोगों के साथ चर्चा और परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता , विशिष्ठ अतिथि डेयरी एवं मत्स्य मंत्री नन्द किशोर राम, विधायक राम सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री नन्द किशोर राम, बगहा के विधायक राम सिंह ने संयुक्त रूप से मोदी के 12 साल बेमिसाल की कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दी। जिलाध्यक्ष अचिंत कुमार लल्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नाथ तिवारी, रविन्द्र श्रीवास्तव, मधुकर राय, एस टी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निरंजन राय, मनोज कुमार सिंह, महेंद्र भारती, अजया राय सहीत कई नेताओं ने मोदी का देश के विकास में योगदान के लिए धन्यवाद दिया। दूसरी तरफ, बड़गांव में पूर्व मुखिया सह भाजपा के युवा नेता अमरेश्वर सिंह उर्फ अमर सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता का फुल माला पहनाकर अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अचिंत कुमार लल्ला ने की, संचालन सुजीत चौरसिया ने किया। सम्मेलन को रितु जयसवाल, वीरेंद्र तिवारी, संजय सिंह, पारस बैठा, रश्मी रंजन, सुषमा सिंह, रामचंद्र सिंह, बब्लू मिश्रा, निप्पू पाठक समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने संबोधित किया। बड़गांव में मुखिया नीतेश राव, मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही, समाजसेवी दीपू सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपू शाही, सरपंच अरुण कुमार वर्मा, उपेन्द्र कुशवाहा समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे

# रामगढ़वा में ठेकेदार पर जानलेवा हमला मामले का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ रामगढ़वा**



रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सिंहासनी पंचायत स्थित नंदलाली टोला में ठेकेदार संजीव कुमार पर हुए जानलेवा हमले के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के करीब 25 दिन बाद पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ननकू कुमार को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, यह हमला वर्ष 2023 में हुई एक हत्या के मामले से जुड़ी पुरानी रंजिश का परिणाम था। गिरफ्तार आरोपी ननकू कुमार को संदेह था कि उसके पिता मुनचुन सहनी की हत्या में संजीव सहनी की भूमिका थी। इसी प्रतिशोध की भावना से उसने संजीव कुमार की हत्या की नीयत से उन पर गोली चलाई थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था और अपराध में प्रयुक्त पिस्तौल को पास के एक तालाब में फेंककर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया था। रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सीडीआर, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गतिविधियों का पता लगाया। जांच के दौरान पुलिस ने तालाब से घटना में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद कर ली। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद, रामगढ़वा सर्किल इंस्पेक्टर अनुज पांडे, थानाध्यक्ष राजीव कुमार शाह, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार तथा स्थानीय पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया जाता है कि संजीव कुमार तमिलनाडु में ठेकेदारी का कार्य करते हैं और घटना से कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में शामिल होने अपने गांव आए थे। हमले में घायल होने के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर उनके शरीर से गोली निकाल दी थी। पुलिस की इस कार्रवाई से मामले का सफल उद्भेदन हुआ है तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

# एनएच पर वाहन की ठोकर से युवक की मौत



**बीएनएम@ समस्तीपुर**

विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव के समीप एनएच-122B पर शुक्रवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बढ़ौना गांव निवासी टुनटुन सदा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार टुनटुन सदा भोजन करने के बाद सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से गुजर रहे एक वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्यापतिनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

# लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों ने मांगों के साथ सुझाव भी दिए

**» समस्तीपुर रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई बात**

**अधिकारियों ने सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**



समस्तीपुर रेल मंडल में शनिवार को मंडल संसदीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने की। इस दौरान लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों से संबंधित रेलवे की समस्याओं, यात्री सुविधाओं तथा विकास योजनाओं को लेकर रेल प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें रखीं।बैठक की शुरुआत पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने रेलवे द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, प्रो. मनोज कुमार झा, गोपाल जी ठाकुर, संजय कुमार झा, लवली आनंद, वीणा देवी, शांभवी, डॉ. धर्मशीला गुप्ता, राजेश रंजन, अशोक कुमार यादव, दिनेश चंद्र यादव, दिलेश्वर कामैत, सुनील कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह तथा रामप्रीत मंडल सहित कई सांसद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में रेल सेवाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन, प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, यात्री सुविधाओं में वृद्धि, रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण तथा रेल अवसंरचना के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने रेल प्रशासन से जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। बैठक में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं समस्तीपुर मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। बैठक के अंत में मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुझावों और मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि विज्ञान केंद्र परसौनी में पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम आयोजित, किसानों के खातों में पहुंची 23वीं किस्त

**बीएनएम@ पहाड़पुर, पूर्वी चंपारण**



कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी के प्रांगण में कृषि जन कल्याण चौपाल सह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की गई। कार्यक्रम के दौरान देशभर के लगभग 9.44 करोड़ किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2,000 की सम्मान राशि भेजी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी के अध्यक्ष डॉ. अभय कुमार सिंह ने की। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के उपयोग तथा कृषि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मौके पर डॉ. आशीष राय, अंशु गंगवार, रूपेश कुमार, चून्नु कुमार, संतोष कुमार, विपिन कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) ज्योति कुमारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) अभिषेक कुमार तथा कृषि सलाहकार सुमन कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अजित तिवारी एवं बसंत कुमार सिंह सहित अन्य मीडियाकर्मियों ने भी भाग लिया। कृषि जन कल्याण चौपाल में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। उपस्थित किसानों में जलेश्वर यादव, रामविलास सिंह, धुर्प प्रसाद राय, कृष्णा प्रसाद, बलिस्टर मिश्रा, गोपी प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, कन्हैया मिश्रा, उपेंद्र प्रसाद, ऋतुराज कुमार, रमाकांत प्रसाद, प्रयाग राम, सुभाष राम, अखलेश कुमार, सुभाषिनी सिंह, पूनम कुमारी, मीरा देवी एवं गायत्री देवी समेत बड़ी संख्या में कृषक शामिल थे। युवा समाजसेवी मनीष राज भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिलने वाली यह राशि खेती-किसानी के कार्यों में काफी सहायक सिद्ध होती है।

# मानवीय त्रासदी की आखिर चिंता किसे

बड़े पर्यटन स्थल के रूप में उभरने की भारत की महत्त्वाकांक्षा पहले ही चोटिल हो चुकी है। अब ये धारणा बनी कि यहां सुरक्षित स्थितियां नहीं हैं, तो मेडिकल टूरिज्म भी प्रभावित हो सकता है। दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में हुए अग्निकांड ने राष्ट्रीय राजधानी में आम प्रशासन के ध्वस्त हो चुके सिस्टम की पोल खोली है। इस दर्दनाक घटना में 21 लोगों की जान गई, जिनमें दर्जन भर विदेशी हैं। दिल्ली में बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) स्कीम के तहत आवासीय इलाकों में मकानों को होटल की तरह चलाने की छूट मिली हुई है। मगर, इसके लिए नियम और शर्तें तय हैं। बुधवार को हुए हादसे ने बताया कि इन नियम- शर्तों की किस धड़ल्ले से और कितना बेखौफ होकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिस बीएंडबी होटल में आग लगी, उसे छह कमरे देने की इजाजत थी, मगर वहां 26 कमरों में आगंतुक रखे जा रहे थे। फायर संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की जरूरत उसके मालिक नहीं समझी थी! और अब यह साफ है कि दिल्ली सरकार या एमसीडी के अधिकारियों ने निगरानी या औचक निरीक्षण की या तो जरूरत नहीं समझी, या फिर उनकी मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा था। अब मीडिया रिपोर्टों से यह भी साफ है कि उस इलाके में ऐसे अपने होटल चल रहे हैं। और उसी इलाके में क्यों, जब वहां ऐसा हो रहा है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा राष्ट्रीय राजधानी के अन्य इलाकों में भी चल रहा होगा! अग्निकांड का शिकार हुआ होटल एक बड़े प्राइवेट अस्पताल के पास है। उस अस्पताल में इलाज कराने आए लोगों के परिजन आस-पास के ऐसे ठिकानों पर ठहरते हैं। भारत- खासकर दिल्ली कथित मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख स्थल है, जहां मध्य, पश्चिम एवं दक्षिण एशिया, अफ्रीका और कुछ यूरोपीय देशों के मरीज भी इलाज कराने आते हैं। इस हादसे की खबर उन देशों में कैसा माहौल बनाएगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अभद्रता, महिलाओं से दुर्व्यवहार, गंदगी और बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यटन उद्योग के बड़े स्थल के रूप में उभरने की भारत की महत्त्वाकांक्षा पहले ही चोटिल हो चुकी है। अब ये धारणा बनी कि मरीज या उनके परिजनों के लिए यहां सुरक्षित स्थितियां नहीं हैं, तो मेडिकल टूरिज्म भी प्रभावित हो सकता है। मगर अपने यहां मानवीय त्रासदी और उनके दूरगामी परिणामों की आखिर चिंता किसे है!

# फाइबर अर्थव्यवस्था: भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर

**गिरिराज सिंह**

-स्थानीय प्रचुरता से सतत सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में वैश्विक नेतृत्व तक

फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। बुनी हुई हवा कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस्ते महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक — फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है।

दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक — यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं। बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत्वकपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है : नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं।

इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026-2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों : कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी- अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु - अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएस: ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए - पर आधारित है।

इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर –20एष्ट तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10त्न हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5–2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।

केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं।

इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया। इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँ: उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं।

शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है—जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है - ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें।

इसके लाभ पूरी मूल्य श्रृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है। असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्रक मोदी के 5एफ विज़न— खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक—से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है—फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत—अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)

# अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए हमें वैकल्पिक रास्तों पर चलना ही होगा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां ऊर्जा की बढ़ती मांग, विदेशी तेल पर निर्भरता, पर्यावरणीय चुनौतियां और आर्थिक आत्मनिर्भरता। वस्तुतः ये सभी प्रश्न एक साथ हमारे सामने खड़े हैं। दुनिया तेजी से बदल रही है, ऊर्जा के स्रोत बदल रहे हैं और राष्ट्र अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर नए विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे समय में भारत ने भी एक साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाया है और वह है पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने का।

प्रधानमंत्री मोदी अनेक अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा। वहीं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी लगातार इथेनॉल आधारित अर्थव्यवस्था को भारत के भविष्य का महत्वपूर्ण आधार बताते रहे हैं। उनका मानना है कि इथेनॉल ईंधन होने के साथ ही हमारे किसानों की समृद्धि, विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण संरक्षण का एक प्रभावी माध्यम है, इसीलिए आज भारत में ई-20 पेट्रोल का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वस्तुतः ई-20 का अर्थ है, ऐसा ईंधन जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण हो। कुछ लोगों के मन में यह आशंका अवश्य है कि क्या इथेनॉल मिश्रित ईंधन उनके वाहन को नुकसान पहुंचाएगा? किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि वर्तमान समय में दुनिया के अनेक देशों में वर्षों से ई-10, ई-20 और यहां तक कि ई-85 जैसे इथेनॉल मिश्रित ईंधनों का सफल उपयोग हो रहा है। भारत भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसके पीछे ठोस आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कारण मौजूद हैं। भारत अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल की आवश्यकता आयात के माध्यम से पूरी करता है। इसके कारण हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश से बाहर चली जाती है। जब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, उसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ता है। ऐसे में पेट्रोल में घरेलू स्तर पर उत्पादित इथेनॉल का मिश्रण विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने का प्रभावी उपाय बनकर सामने आया है। इसके प्रभावी परिणाम भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वर्ष 2014 में जहां पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का औसत स्तर मात्र 1.5 प्रतिशत था, वहीं आज यह लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वर्ष 2022-23 में 12.06 प्रतिशत मिश्रण के कारण लगभग 24,300 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। वर्ष 2023-24 में यह बचत बढ़कर 30,000 से 35,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। वहीं 2024-25 में लगभग 19 प्रतिशत मिश्रण के साथ करीब 40,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचत का अनुमान है। सरकारी और संसदीय आंकड़ों के अनुसार, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से अब तक देश को 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचत हुई है। कच्चे तेल के आयात में 18 लाख मीट्रिक टन से अधिक की कमी आई है और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 736 लाख मीट्रिक टन की कमी दर्ज की गई है। किसानों को भी 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि इथेनॉल अब भारत की आर्थिक और ऊर्जा रणनीति का मजबूत स्तंभ बन चुका है। फिर इथेनॉल के लाभ सिर्फ विदेशी मुद्रा बचाने तक सीमित नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिल रहा है। इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने से प्राप्त शीरा, अधिशेष अनाज, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न, मक्का तथा अन्य स्वीकृत कृषि उत्पादों का उपयोग किया जाता है। इससे किसानों को अपनी उपज का अतिरिक्त बाजार मिलता है और उनकी आय बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित होते हैं, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी इथेनॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पेट्रोल की तुलना में अधिक स्वच्छ रूप से जलता है और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करता है। जब दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब भारत का इथेनॉल मिशन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बनकर उभर रहा है। यहां कुछ आलोचक यह तर्क देते हैं कि इथेनॉल उत्पादन से खाद्य सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। किंतु उनके लिए कहना यही होगा कि भारत की वर्तमान नीति इस चिंता का संतुलित समाधान प्रस्तुत करती है। वस्तुतः देश में उपलब्ध अधिशेष कृषि उत्पादन, अतिरिक्त अनाज भंडार और उपभोग के लिए अनुपयुक्त खाद्यान्न का उपयोग इथेनॉल उत्पादन में किया जा रहा है। वर्ष 2025 में रणनीतिक आवश्यकताओं से अधिक उपलब्ध चावल भंडार को भी इथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ा गया, इसलिए यह "भोजन बनाम ईंधन" का प्रश्न नहीं, बल्कि कृषि अधिशेष के बेहतर उपयोग का मॉडल है। जहां तक वाहनों की बात है, अप्रैल 2023 के बाद निर्मित अधिकांश बीएस6 फेज-II वाहन ई-20 ईंधन के अनुकूल बनाए गए हैं। नए वाहन मालिकों को किसी विशेष चिंता की आवश्यकता नहीं है। पुराने वाहनों में केवल कुछ सामान्य सावधानियां बरतने की जरूरत है, जैसे ईंधन प्रणाली की नियमित जांच, रबर होज और सीलों का निरीक्षण तथा ईंधन फिल्टर की समय-समय पर सफाई। इस तरह से उचित रखरखाव के साथ पुराने वाहन भी ई-20 ईंधन का सुरक्षित उपयोग कर सकते हैं। माइलेज को लेकर भी अनेक भ्रांतियां हैं। यह सही है कि इथेनॉल का ऊर्जा घनत्व पेट्रोल से थोड़ा कम होता है, जिसके कारण माइलेज में 1 से 4 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है, किंतु यदि 100 लीटर ई-20 ईंधन में केवल 80 लीटर पेट्रोल और 20 लीटर इथेनॉल है, तो मामूली माइलेज कमी के बावजूद पेट्रोल की वास्तविक खपत में उल्लेखनीय कमी आती है। दूसरे शब्दों में, देश को पेट्रोल आयात पर कम निर्भर रहना पड़ता है और विदेशी मुद्रा की बचत होती है, जिसमें कि व्यापक राष्ट्रीय हित निहित है। आज ब्राजील जैसे देशों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन पहले से ही बड़ी सफलता के साथ उपयोग किए जा रहे हैं। ये वाहन ई-20, ई-50, ई-85 और पारंपरिक पेट्रोल, सभी प्रकार के मिश्रणों पर चल सकते हैं। भारत भी भविष्य में इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिर यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत, आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भारत का निर्माण करना है, तो हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों पर चलना ही होगा। वास्तव में इथेनॉल उसी वैकल्पिक रास्ते का नाम है, जो भारत को आयात-निर्भरता से आत्मनिर्भरता, प्रदूषण से स्वच्छता और आर्थिक कमजोरी से ऊर्जा-सशक्त राष्ट्र की ओर ले जा रहा है, इसलिए समय की मांग है कि हम इस परिवर्तन को समझें, स्वीकार करें और भारत की ऊर्जा क्रांति का सक्रिय हिस्सा बनें।




**मेष राशि :** आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका बड़ा कार्य पूरा हो सकता है। आज आप नई व्यापारिक योजना बनाने में कामयाब होंगे। घर में मांगलिक कार्य होने की संभावना बन रही है। सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा, लोगों से मिलने जुलने से आपके कारोबार संबंधी मामलों में लाभ मिलने के योग हैं। विरोधी कार्य-क्षेत्र में कुछ समस्याएं खड़ी करने की कोशिश करेंगे। आपको घर का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**वृष राशि:** आपका दिन आनंद से भरपूर रहेगा। आज परिवार में आपके किए गए कार्यों की प्रशंसा होगी। आपके अपनों का पूरा साथ मिलेगा। आप मित्रों के साथ आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आज के दिन आप घर परिवार के लिए कुछ खर्चे भी करेंगे। कारोबार में स्थिति सामान्य रहेगी। इस सिलसिले में यात्रा भी हो सकती है। जिससे आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना बढ़ेगी। धन कमाने के नये अवसर मिलेंगे।

**मिथुन राशि :** आज आप का दिन खुशहाल रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातचीत की कला लोगों को प्रभावित करेगी। प्रगति के अवसर बढ़ेंगे। लेकिन आप भाग्य के भरोसे न बैठकर परिश्रम करें। आज परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। पारिवारिक मामलों में आपसी समझदारी से बात बनेगी।

**कर्क राशि :** आज आपके लिए दिन लकी रहेगा। आज आप किसी नये काम की शुरूआत कर सकते हैं। आपकी आर्थिक दशा में सकारात्मक बदलाव आएगा। आप अपने बिजनेस को नया आयाम दे पायेंगे बिजनेस में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आय के साधन बनेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा परीक्षार्थियों में प्रतियोगी परीक्षा को लेकर उत्साह बना रहेगा। आपका दांपत्य जीवन ठीक रहेगा।

**सिंह राशि:** आज आपके दिन का बेहतर शुरुआत होगा। आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों पर आज अचानक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आ सकती है, जिसे पूरा करने में सफल होंगे। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको लाभ मिलेगा। थोड़ी भाग-दौड़ रहेगी। किसी से वाद विवाद करने से बचें। आपके दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम, विश्वास बढ़ेगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आप अपने कारोबार में नये मुकाम हासिल करेंगे। आपके आय में वृद्धि होने के योग हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप अपनी चतुर कार्यशैली से अपने हर कार्य को पूरा कर अपनी अलग पहचान बनाएंगे। आपका दांपत्य जीवन सुखी रहेगा। आप आज घर के कार्यों में हाथ बटाएंगे। परिवार में उत्सव होने के योग हैं।

**तुला राशि :** आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला दिन रहेगा। आज आप अपने बिजनेस की ग्रोथ के लिए योजनाएं बनाएंगे। जिससे आगे चलकर आपको बड़ा लाभ मिलेगा। आपके घर में मांगलिक कार्य हो सकता हैं। मित्रों से आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आपको कई साधनों से धन लाभ के योग हैं। सोच-समझकर किसी पर विश्वास करें। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। आप दोनों कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। सुख सुविधाएं बढ़ेंगी।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी फैमिली लाइफ बेहतर रहेगी। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज आप किसी नये प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते हैं। आपको बड़ा लाभ मिलेगा। आपके बिजनेस में तेजी आएगी। आप धार्मिक कार्यों में काफी खर्च करेंगे। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ने का योग है।

**धनु राशि :** आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आज आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिलेगा जिसकी बहुत दिनों से आपको प्रतीक्षा थी। नौकरी में आपका ओहदा बढ़ेगा। जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आमदनी बढ़ने की अच्छी संभावना है। अधिक एक्साइटमेंट से काम बिगड़ सकता है। पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक तौर पर अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आपकी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपके आय के साधन बढ़ने के योग हैं। इस दौरान आप पारिवारिक समारोहों पर काफी खर्च करेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा कहीं से धन लाभ के योग हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके पारिवारिक सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बढ़ेगा। आप एक अच्छे वातावरण का लाभ उठा पायेंगे। आपके रोजगार के साधनों में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके स्वास्थ्य में पॉजिटिव बदलाव आएगा।

**मीन राशि :** आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको नौकरी में अचानक लाभ की स्थिति बनेगी। आपकी मेहनत सफल होगी। आपके बच्चों को परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होंगे। संतान की ओर से अच्छी खबर मिल सकती है। अचानक कुछ खर्च बढ़ेगा। जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी डाउन होगी। लेनदेन सोच समझ कर करें। छात्रों के लिए अनुकूल समय है।

# आधुनिक जीवन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान है योग

**अलका सिंह**

आज का युग अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति, तीव्र प्रतिस्पर्धा और व्यस्त जीवनशैली का युग है। आधुनिक सुविधाओं ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही मानसिक तनाव, चिंता, अनियमित दिनचर्या और अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे समय में योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति के रूप में सामने आता है। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकार कर रही है और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना रही है।

मानव शरीर और मन के बीच गहरा संबंध होता है। जब यह संतुलन बिगड़ता है, तब अनेक प्रकार की शारीरिक और मानसिक समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, अवसाद, चिंता और कई अन्य तनावजनित बीमारियां आधुनिक जीवन की सामान्य चुनौतियां बन चुकी हैं। इन समस्याओं के समाधान की तलाश में दुनिया ने फिर से योग जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान की ओर रुख किया है। अनेक चिकित्सकीय और वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि योग शरीर और मन दोनों को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

योग को केवल कुछ आसनों या व्यायामों तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। यह जीवन को समझने और सही ढंग से जीने का विज्ञान है। योग व्यक्ति को अपने शरीर, मन और आत्मा के साथ सामंजस्य स्थापित करना सिखाता है। यह सप्ताह में एक बार की जाने वाली गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सतत प्रक्रिया है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

योग की विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और जीवनशैली के अनुसार मार्ग चुन सकता है। भारतीय परंपरा में हठ योग, राज योग, ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे अनेक मार्ग बताए गए हैं। कोई व्यक्ति प्राणायाम, ध्यान, आसन, विश्राम अथवा इन सभी का समन्वित अभ्यास कर सकता है। योग की यही लचीलापन उसे सार्वभौमिक बनाती है और हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध करती है।

योग का अभ्यास मन और शरीर दोनों को नियंत्रित करने में सहायता करता है। यह तनाव और चिंता को कम करता है तथा व्यक्ति को भावनात्मक रूप से अधिक संतुलित बनाता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शारीरिक ऊर्जा में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त यह श्वसन तंत्र को बेहतर बनाता है तथा शरीर में जीवन शक्ति का संचार करता है। देखने में योग केवल शरीर को खींचने और मोड़ने की प्रक्रिया प्रतीत हो सकता है, लेकिन वास्तव में इसका प्रभाव व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व पर पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसके बाद से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। विश्व के अनेक देशों में लाखों लोग नियमित रूप से योग का अभ्यास कर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि योग आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सरल और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय परिवर्तन भी मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। मौसम के असामान्य बदलाव, प्रदूषण, हरित क्षेत्रों में कमी और बदलती जीवनशैली शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल रही है। ऐसे में योग शरीर को मजबूत बनाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के साथ जोड़ता है और जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण विकसित करता है। आज अधिकांश लोगों के पास समय कम और जिम्मेदारियां अधिक हैं। कार्यस्थल का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और व्यक्तिगत चुनौतियां मानसिक तनाव को बढ़ा रही हैं। इसका सीधा प्रभाव मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर पड़ता है। दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और न्यूरोलॉजिकल विकारों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे समय में योग एक प्रभावी सहयोगी के रूप में उभरकर सामने आया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि योग तंत्रिका तंत्र को सक्रिय और संतुलित रखने में सहायता करता है। ध्यान, प्राणायाम और मंत्रों का नियमित अभ्यास मस्तिष्क को शांत करता है तथा एकाग्रता बढ़ाता है। जब व्यक्ति नियमित रूप से ध्यान और श्वास संबंधी अभ्यास करता है, तो उसके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक तनाव में कमी आती है। यही कारण है कि अनेक चिकित्सक भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में योग को सहायक उपचार के रूप में अपनाने की सलाह देते हैं।

माइग्रेन, अनिद्रा, चिंता और तनाव जैसी समस्याओं में योग विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। योग व्यक्ति को स्वयं के भीतर झांकने और मानसिक शांति प्राप्त करने का अवसर देता है। नियमित अभ्यास से मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार होता है तथा व्यक्ति अधिक सजग और संतुलित महसूस करता है। आधुनिक अनुसंधान भी इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि योग मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

भारत को योग की जन्मभूमि माना जाता है। यहां प्राचीन काल से विभिन्न प्रकार की योग परंपराएं विकसित हुई हैं, जिनका उद्देश्य मानव जीवन को अधिक स्वस्थ, संतुलित और सार्थक बनाना रहा है। आज विश्व के विकसित देशों ने भी योग को अपनाया है क्योंकि वे इसके व्यावहारिक लाभों को समझ चुके हैं। योग केवल बीमारी के उपचार का माध्यम नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखने का एक प्रभावी साधन है।

योग में बताए गए विभिन्न आसन शरीर की मांसपेशियों, नसों और तंत्रिकाओं को सक्रिय करते हैं। इससे शरीर की कार्यक्षमता में सुधार होता है और अंगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। साथ ही प्राणायाम और ध्यान मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। यही कारण है कि योग को समग्र स्वास्थ्य का विज्ञान कहा जाता है।

वर्तमान समय में जब जीवन की गति लगातार बढ़ रही है, तब योग व्यक्ति को रुककर स्वयं से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# महिला टी-20 विश्व कप: न्यूजीलैंड को आखिरी गेंद पर मिली रोमांचक जीत

एजेंसी, नई दिल्ली



आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के 13वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को साउथहैंप्टन में आयरलैंड के खिलाफ एक बेहद ही रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर 4 रनों से जीत नसीब हुई। यह कीवी टीम की टूर्नामेंट में पहली जीत है, जिसने उन्हें वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती दो निराशाजनक हार के बाद कुछ राहत दी है। आयरलैंड की टीम ने इस मैच के दौरान न्यूजीलैंड की साँसे अटका दी थीं, और एक समय तो ऐसा लग रहा था कि वे उलटफेर कर देंगे, लेकिन अंत में न्यूजीलैंड ने बाजी मार ली, हालांकि यह जीत उन्हें बड़ी मुश्किल से मिली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 10 रनों के स्कोर पर उनके तीन महत्वपूर्ण विकेट गिर गए थे, जिसने टीम को संकट में डाल दिया। कप्तान एमिलिया केर (30 रन) के रूप में उन्होंने अपना चौथा विकेट 48 रनों पर गंवाया। आयरलैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। हालांकि, ब्रुक हॉलिडे (34 रन) और इजी शार्प (36 रन) के बीच पाँचवें विकेट के लिए हुई 62 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी ने कीवी टीम की लाज बचाई। इस साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड 100 रनों के अंदर सिमटने से बच गया। अंत में, सूजी बेट्स की 19 रनों की तेजतर्रार पारी ने टीम को निर्धारित 20 ओवरों में 140 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम ने भी जोरदार शुरुआत की। उनकी कप्तान गैबी लुईस ने 58 रनों की शानदार पारी खेली और उन्हें ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (59 रन) का अच्छा साथ मिला। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई शतकीय साझेदारी (110 रन) ने न्यूजीलैंड को मुश्किल में डाल दिया था। एक समय आयरलैंड को जीत के लिए मात्र 18 गेंदों पर 29 रनों की दरकार थी और उनके हाथ में 9 विकेट थे, जिससे उनकी जीत लगभग तय लग रही थी। लेकिन 18वें ओवर में मैच का रुख पलट गया। जब ओर्ला प्रेंडरगैस्ट आउट हुईं, तो न्यूजीलैंड को वापसी का मौका मिला। इसी ओवर में कप्तान एमिलिया केर ने रेबेका स्टोकेल के रूप में दूसरा विकेट भी हासिल कर लिया, जिससे पूरा दबाव कप्तान गैबी लुईस पर आ गया। 19वें ओवर में गैबी लुईस भी रोजमेरी मैयर को अपना विकेट देकर पवेलियन लौट गईं। आखिरी ओवर में आयरलैंड को जीत के लिए 15 रनों की जरूरत थी, लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उन्हें केवल 10 रन ही बनाने दिए।

## चोट के बाद नीरज चोपड़ा की शानदार वापसी

एजेंसी, नई दिल्ली




चोट की मार, आठ महीने का लंबा इंतजार और फिर दुनिया के सबसे बड़े मंचों में से एक पर वापसी भारतीय जैवलीन थ्रो के पोस्टर बॉय नीरज चोपड़ा के लिए दोहा डायमंड लीग 2026 केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उनके अदम्य साहस और जुझारूपन की एक नई कहानी थी। लगभग आठ महीने तक पीठ की चोट से जूझने के बाद, 28 वर्षीय पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने एक बार फिर मैदान पर कदम रखा। हालांकि यह वापसी वैसी नहीं रही जैसी उनके करोड़ों प्रशंसक उम्मीद कर रहे थे, लेकिन खेल के प्रति उनका समर्पण और तकनीक आज भी उतनी ही लाजवाब दिखी। नीरज चोपड़ा प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे, लेकिन उन्होंने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करके यह साबित कर दिया कि शेर भले ही कुछ समय के लिए शांत था, लेकिन वह शिकार करना भूला नहीं है।

दोहा की सुहानी शाम और खचाखच भरे स्टेडियम में जब नीरज चोपड़ा ने अपने हाथ में भाला थामा, तो पूरे देश की धड़कनें थमी हुई थीं। एक लंबे अंतराल के बाद मैदान पर उतरने का दबाव साफ दिख रहा था, जिसका असर उनके पहले प्रयास पर पड़ा। नीरज का पहला थ्रो फाउल रहा, जो किसी भी एथलीट के लिए चोट के बाद वापसी करते हुए पहली ही कोशिश में मानसिक रूप से परेशान कर सकता है। ऐसा लगा कि शायद शरीर के जंग को साफ होने में अभी थोड़ा और वक्त लगेगा। लेकिन नीरज चोपड़ा आम खिलाड़ियों से अलग मिट्टी के बने हैं। वे जानते हैं कि दबाव को कैसे अपनी ताकत बनाना है। दूसरे प्रयास के बाद, खेल के तीसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने चिर-परिचित अंदाज की झलक दिखाई। उन्होंने पूरी ताकत और सटीक कोण के साथ भाला हवा में लहराया, जिसने 85.69 मीटर की दूरी तय की। इस शानदार थ्रो के साथ ही नीरज ने अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंच गए। स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसक झूम उठे और ऐसा लगा कि नीरज अपने पुराने रंग में लौट आए हैं। चोट के बाद इस स्तर की दूरी हासिल करना यह दिखाता है कि उनकी मांसपेशियों की ताकत और तकनीक अभी भी कितनी मजबूत है।

## क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार बने बिहार में डीएसपी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेल चुके तेज गेंदबाज आकाश दीप और कुछ मैचों में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके मुकेश कुमार को बिहार सरकार ने स्पोर्ट्स कोटा के तहत पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद के लिए अनुशंसित किया है। इस महत्वपूर्ण जानकारी को स्वयं आकाश दीप ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट के माध्यम से साझा किया, जिसके बाद यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई और मिश्रित प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। यह नियुक्ति बिहार सरकार की खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की नीति का हिस्सा मानी जा रही है।

आकाश दीप ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में बिहार सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रशंसा करते हुए लिखा, अभिभूत हूं, विभोर हूं। बिहार सरकार द्वारा आज मुझे और मेरे साथी क्रिकेटर मुकेश को पुलिस उपाधीक्षक पद हेतु अनुशंसित किए जाने के लिए यशस्वी मुख्यमंत्री अग्रज श्री सम्राट चौधरी एवं खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह जी को कोटिशः धन्यवाद। उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आगे लिखा, आपकी खेल को प्रोत्साहन और खिलाड़ियों को सम्मान देने की नीति युवाओं को खेल में चमकने को प्रेरित करेंगी। जय भारत, जय बिहार। यह पोस्ट बिहार के क्रिकेट जगत में खुशी और गर्व का माहौल लेकर आया, लेकिन इसके नीचे की प्रतिक्रियाएं काफी दिलचस्प रहीं।

## श्रीसंत बोले गंभीर को कोच पद से हटायें, धोनी को बनायें मेंटोर

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की कार्यप्रणाली की जमकर आलोचना करते हुए कहा है कि वह खिलाड़ियों पर बेवजह दबाव बनाते हैं। इसलिए उन्हें हटकर महेन्द्र सिंह धोनी को टीम का मेंटोर बनाया जाना चाहिये। श्रीसंत के अनुसार भारतीय टीम को वैसे भी कोच नहीं मेंटोर की जरुरत है। श्रीसंत के इस बयान से साफ है कि उनके और गंभीर के बीच मतभेद अब भी बने हुए हैं। श्रीसंत ने कहा, वर्तमान भारतीय टीम में गंभीर की क्या जरुरत है। इसका कारण है कि टीम को एक कोच नहीं, बल्कि एक मेंटोर की जरूरत है। गंभीर की जगह टीम इंडिया में धोनी जैसे मेंटोर को लाया जाना चाहिए।वहीं गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया ने हाल ही में कई उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं, जिसमें इसी साल आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतना भी शामिल है। हालांकि, श्रीसंत टी20 विश्व कप की इस सफलता का श्रेय गंभीर को नहीं देते। उन्होंने कहा, लोग कहते हैं कि गौतम गंभीर ने टीम इंडिया को इस साल टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाया है, लेकिन मैं ये कहता हूं ये सही नहीं है। टीम की जीत में संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अहम पारियां महत्ववूर्ण हैं।

## एस श्रीसंत के विवादित बयान पर हरभजन सिंह का पलटवार: खाली बर्तन ही आवाज करते हैं

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट के गलियारों में एक बार फिर पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और हरभजन सिंह के बीच का पुराना विवाद ताजा हो गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में एस श्रीसंत ने हरभजन सिंह को लेकर एक विवादित बयान दिया था, जिसमें उन्होंने साल 2008 के थप्पड़ कांड को फिर से हवा देते हुए हरभजन को चुनौती दी थी। इंटरव्यू का यह हिस्सा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें श्रीसंत कहते सुने जा रहे हैं कि अगर थप्पड़ से दिक्कत है तो आप बॉक्सिंग रिंग में आ जाओ। इस बयान के बाद अब हरभजन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, हालांकि उन्होंने श्रीसंत का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। हरभजन सिंह ने अपने वीडियो क्लिप में कहा, किसी ने बहुत खूब कहा है कि करने दो जो लोग बकवास करते हैं। खाली बर्तन ही तो आवाज करते हैं। हरभजन का यह बयान श्रीसंत के बयान के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इसे श्रीसंत के लिए एक सीधा और करारा जवाब माना जा रहा है। उनके इस जवाब ने एक बार फिर क्रिकेट प्रशंसकों के बीच 2008 के उस कुख्यात थप्पड़ कांड की यादें ताजा कर दी हैं, जिसने आईपीएल के शुरुआती दिनों में काफी हंगामा मचाया था। यह मामला आईपीएल 2008 का है, जब मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हरभजन सिंह ने किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेल रहे एस श्रीसंत को मैदान पर थप्पड़ जड़ दिया था।

# बिजनेस

## ग्लैम अप फेस्ट 2026: जेन-जी और नॉन-मेट्रो इंडिया की वजह से फ्लिपकार्ट ब्यूटी में 50 फीसदी की ग्रोथ

एजेंसी, नई दिल्ली




ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसकी ब्यूटी और पर्सनल केयर कैटेगरी में साल-दर-साल 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस प्लेटफॉर्म पर अब ब्यूटी से जुड़ी कुल खरीदारी में से करीब 60 फीसदी खरीदारी जेन-जी कर रहे हैं।

ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट की ओर से नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'ग्लैम अप फेस्ट 2026' के चौथे एडिशन में यह जानकारियां सामने आईं, जिसमें 100 से ज्यादा बड़े ब्यूटी ब्रांड्स और 6 हजार से ज्यादा क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और सेलिब्रिटीज़ शामिल हुए। इस इवेंट में फ्लिपकार्ट ने अपना 'ग्लोबल लक्स ब्यूटी स्टोर' भी लॉन्च किया, जिसका अनावरण जाह्नवी कपूर ने किया। ग्लैम अप फेस्ट 2026' में फ्लिपकार्ट ने 'क्वांटम कंज्यूमर सॉल्यूशंस' के साथ मिलकर तैयार की गई अपनी 'एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट 2.0' जारी की। यह रिपोर्ट भारतीय खरीदारों के ब्यूटी के प्रति बदलते नजरिए को दिखाती है। रिपोर्ट के मुताबिक अब प्लेटफॉर्म पर ब्यूटी से जुड़ी कुल खरीदारी में से लगभग 60 फीसदी खरीदारी जेन-जी कर रहे हैं। इस तेज़ी को बढ़ाने में टियर 2 और टियर 3 शहरों के खरीदारों की बड़ी भूमिका है। इस रिपोर्ट के अनुसार, एक समय लोग सौंदर्य को सिर्फ अपनी आकांक्षाओं वाली श्रेणी मानते थे, लेकिन आज इसे आत्म देखभाल और व्यक्तिगत पहचान की रोजाना जरूरत के रूप में देख रहे हैं। फ्लिपकार्ट पर ब्यूटी से जुड़ी हर तीन में से दो सर्च नॉन-मेट्रो शहरों से आती हैं। कटक, बर्धमान, गोरखपुर, कोट्टायम, गुंटूर, जामनगर और सांगली जैसे कई शहर देश में ब्यूटी ट्रेंड्स और खरीदारी के फैसलों को तेज़ी से आकार दे रहे हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार के वर्ष 2030 तक 39 अरब यूएस डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है।

### ग्लैम अप फेस्ट 2026: हर पल के लिए ब्यूटी

ग्लैम अप फेस्ट 2026' इवेंट में फ्लिपकार्ट ने अपना 'ग्लोबल लक्स ब्यूटी स्टोर' भी लॉन्च किया, जिसका अनावरण जाह्नवी कपूर ने किया। इससे भारतीय खरीदारों को डर्मा केयर, खुशबू (फ्रैगरेंस) और के-ब्यूटी जैसे इंटरनेशनल ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक पहुंच मिली। इस स्टोर में 100 से ज्यादा ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें केल्विन क्लाइन, गुच्ची, नॉटिका, यूसेरिन, मेडिक्यूब, डी'अल्बा, सेटाफिल, सेरावे, ब्यूटी ऑफ जोसोन और टिर टिर जैसे ब्रांड्स शामिल हैं।

## शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 607 अंक टूटा

एजेंसी, नई दिल्ली/मुंबई



शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी शुक्रवार को थम गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सेचज (बीएसई) का सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 फीसदी टूटकर 76,802.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 940.26 अंक तक लुढ़क गया था।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 154.90 अंक यानी 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ 24,013.10 के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजार में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। इससे पहले के पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक यानी 4.84 फीसदी और निफ्टी 1,006.4 अंक यानी 4.34 फीसदी चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान इंफोसिस को हुआ। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी जैसे शेयर बढ़त में रहे। वहीं, निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली गिरावट में रहा, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। चीन का शंघाई और हांगकांग का बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 फीसदी गिरकर 79.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी उछल कर 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद था।

## अद्वित ज्वेल्स अगले 3 सालों में 'रंभजो' ब्रांड के तहत 30 रिटेल शोरूम खोलेगी

एजेंसी, नई दिल्ली




जयपुर स्थित आभूषण क्षेत्र की कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अगले तीन सालों में 'रंभजो' ब्रांड के तहत 30 रिटेल शोरूम खोलकर अपने बिजनेस का विस्तार करेगी। इसके लिए फंड का कुछ हिस्सा कंपनी के आने वाले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से मिलने वाली रकम से जुटाया जाएगा। अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) नितिन गिलारा ने नई दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अपने बी2बी (कंपनियों के बीच) कारोबार को प्रभावित किए बिना हम अगले तीन साल में देशभर में 30 खुदरा शोरूम खोलकर सीधे उपभोक्ताओं से जुड़े अपने व्यवसाय का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी यह रिटेल शोरूम 'रामभजो' ब्रांड के तहत खोलेगी। अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 जून को खुलेगा। कंपनी ने इस इश्यू के लिए 130-138 रुपये प्रति शेयर मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) तय किया है। यह आईपीओ पूरी तरह 1.19 करोड़ नए शेयरों के निर्गम पर आधारित है। इसके जरिये 165.15 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है। यह आईपीओ 23 जून को खुलकर 25 जून को बंद होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर में कंपनी का मुख्य रिटेल आउटलेट अक्टूबर-नवंबर तक शुरू होने की उम्मीद है और इसके बाद के स्टोर फ्रैंचाइज़ी मॉडल पर खोले जाएंगे। कंपनी दक्षिण भारत में विस्तार करने से पहले शुरुआती तौर पर उत्तर भारत पर ध्यान देगी, हालांकि अभी जगहों को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। जयपुर स्थित आभूषण क्षेत्र की कंपनी अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड खासतौर पर कुंदन, पोल्की, डायमंड और स्टडेड (रत्न जड़े) गहने बनाने के लिए जानी जाती है। इसका ब्रैंड नेम 'रामभजो' है। कंपनी के डायरेक्टर गिलारा ने बताया कि गहने बनाने की पूरी प्रक्रिया जैसे सोना पिघलाना, शीट और चेन बनाना, नग जड़ना, पॉलिशिंग और क्वालिटी की जांच यह सब कुछ कंपनी के अंदर ही किया जाता है। कंपनी के कर्मचारियों का एक बड़ा हिस्सा कुशल कारीगरों का है और हर एक गहना बाजार में जाने से पहले कई लेवल की क्वालिटी जांच से गुजरता है। उल्लेखनीय है कि अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड कंपनी भारत में रत्नों और गहनों के सबसे बड़े गढ़ राजस्थान के जयपुर में स्थित है। ये कंपनी पारंपरिक और आधुनिक, दोनों तरह के हाथ से बने बेहतरीन गहने बनाने और बेचने का काम करती है।

## जियो प्लेटफॉर्म्स सेबी के समक्ष दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज: मुकेश अंबानी

एजेंसी, मुंबई



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स शुक्रवार को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स के निदेशक मंडल ने आईपीओ लाने के दस्तावेज को आज मंजूरी दे दी। इसे आज ही सेबी के समक्ष दाखिल किया जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ इस साल आरआईएल के लिए वैल्यू बनाने की दिशा में सबसे अहम पड़ाव है। इससे रिलायंस के शेयरहोल्डर्स के लिए बड़ी वैल्यू बनने की उम्मीद है। इसके साथ ही नए निवेशकों को निवेश का एक आकर्षक मौका भी मिलेगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो की प्रस्तावित लिस्टिंग दुनिया को दिखाएगी कि भारत ग्लोबल स्तर, ग्लोबल क्षमता और ग्लोबल वैल्यू वाली टेक्नोलॉजी कंपनियां बना सकता है। कंपनी ने बीएसई और एनएसई को दी सूचना में भी कहा है कि यह आईपीओ आवश्यक नियामकीय मंजूरियों के अधीन रहेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) की 66.43 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि शेष 33.57 फीसदी में से मेटा और गूगल की संयुक्त हिस्सेदारी 17.71 फीसदी है। विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है, जिसका संभावित मूल्यांकन 130-180 अरब यूएस डॉलर के बीच आंका जा रहा है।

फिल्म

# बॉक्स ऑफिस पर पेड्डी के लड़खड़ाने लगे कदम, मैं वापस आऊंगा ने दिखाया दम

बॉक्स ऑफिस की अग्निपरीक्षा में कई दिनों तक सफलता से टिकने के बाद पेड्डी के कदम अब लड़खड़ाने लगे हैं। राम चरण अभिनीत यह पैन-इंडिया फिल्म कमाई के मामले में हर दिन नीचे गिर रही है। दूसरी तरफ दिलजीत दोसांझ की फिल्म मैं वापस आऊंगा की कमाई में दिन पर दिन उछाल देखने को मिल रहा है। वहीं मिमोह चक्रवर्ती अभिनीत हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी की कमाई को तगड़ा झटका लगा है। आइए जानते हैं इन फिल्मों की ताजा कमाई। सैकनिल्क के मुताबिक, पेड्डी ने रिलीज के 14वें दिन 2.45 करोड़ रुपये कमाए हैं। पिछले दिनों में, 13वें दिन का कलेक्शन 3.45 करोड़ रुपये और 12वें दिन का कलेक्शन 4.10 करोड़ रुपये था। कारोबारी दिनों में आकर फिल्म लगातार गिरावट का सामना कर रही है। इसका कुल कलेक्शन अब 226 करोड़ रुपये हो चुका है, जबकि विश्व स्तर पर कमाई 320.20 करोड़ रुपये हुई है। बुची बाबू सना द्वारा निदेर्शित फिल्म में जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु और बोमन ईरानी भी हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित फिल्म मैं वापस आऊंगा की कमाई में हर दिन उछाल देखने को मिल रहा है। इसने 6वें दिन 1.75 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि 5वें दिन कलेक्शन 1.65 करोड़ और चौथे दिन 1.15 करोड़ रुपये था। इस तरह फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10.05 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। वहीं हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी ने 6वें दिन 1.40 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसका कुल कलेक्शन 14.75 करोड़ रुपये हुआ है।





# साम 'द इंडिया स्टोरी रिलीज़ से पहले फूड सेफ्टी पर काजल ने अपनी दमदार पोस्ट से छेड़ी अहम बहस

देशभर में फूड एडल्टरेशन यानी खाद्य मिलावट को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच फ़िल्म द इंडिया स्टोरी की अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने एक बार फिर इस गंभीर मुद्दे की ओर सभी का ध्यान खींचा है। हाल ही में अपनी सोशल मीडिया स्टोरी के जरिए उन्होंने भारतीय आमों के निर्यात पर कीटनाशक अवशेष और क्वारंटीन संबंधी चिंताओं को लेकर सामने आई रिपोर्ट्स साझा की है। इस मुद्दे को उन्होंने अपनी आगामी फिल्म द इंडिया स्टोरी से जोड़ते हुए लिखा है, दुर्भाग्य से यह भारत की कहानी है, ये द इंडिया स्टोरी है। फिलहाल इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है, क्योंकि फिल्म की कहानी भी खाद्य मिलावट जैसे गंभीर विषय और उसके सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभावों के इर्द-गिर्द घूमती है। ज़ी स्टूडियोज़ और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से प्रस्तुत इस फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ श्रेयस तलपड़े भी अहम भूमिका में नजर आनेवाले हैं। फिल्म का उद्देश्य उस सच्चाई को सामने लाना है, जो हर दिन लाखों परिवारों को प्रभावित करती है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि कहानी और निर्माण सागर बी.शिंदे ने संभाली है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज़ होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषय और प्रभावशाली संदेश के साथ यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि एक जरूरी राष्ट्रीय चर्चा की शुरुआत करने का लक्ष्य रखती है। फिल्म के सह-निर्माताओं में स्वाति विनायक सैदाने, अनिता जाधव, विनायक सैदाने, कल्पेश शाह, देवयानी खोराते और प्रेम जोशी शामिल हैं। वहीं तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर निशांत भागवत, संगीतकार मंगेश धाकड़े, एडिटर आशीष म्हात्रे, गीतकार शकील आज़मी और साउंड डिज़ाइनर अनमोल भावे शामिल हैं।

### श्रेयस तलपड़े और काजल अग्रवाल की फिल्म द इंडिया स्टोरी का दमदार टीजर जारी

श्रेयस तलपड़े और काजल अग्रवाल की फिल्म द इंडिया स्टोरी का ऐलान इस साल अप्रैल में हुआ था। फिल्म का दमदार टीजर जारी कर दिया गया है, जो शरीर में सिहरन पैदा करने के लिए काफी है। चेट्टन डीके द्वारा निर्देशित और सागर बी शिंदे द्वारा निर्मित-लिखित यह फिल्म खाद्य पदार्थों में मिलावट के गंभीर मुद्दे को उठाती है। यह फिल्म कीटनाशकों व रसायनों के दुरुपयोग और उससे जुड़े घोटालों को उजागर करने का वादा करती है। टीजर में दिखाया गया है कि कैसे रोजमर्रा के खाने में कैसे उन रासायनिक पदार्थों और कीटनाशकों का दुरुपयोग हो रहा है, जिन्हें धीमा जहर कहा जाता है। टीजर में खाद्य मिलवाटों और दूषित खाना खाने से अस्पताल में भर्ती लोगों के दृश्यों को दिखाया है। यह टीजर लापरवाही, जवाबदेही की कमी और देश के रेगुलेटरी सिस्टम में तत्काल सुधार की जरूरतों को दिखाता है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज हो रही है।



# विजय सेतुपति की अगली फिल्म का टाइटल पॉकेट नॉवेल, साथ नजर आएंगी मालविका मोहनन, पहला पोस्टर जारी

तमिल सिनेमा के मशहूर निर्देशक त्यागराजन कुमारराजा ने अपनी आगामी फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल रखा है। हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'पॉकेट नॉवेल का पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति का आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंस में पोस्टर का रंग लाल है, जिसकी वजह से यह पोस्टर और ज्यादा इंटेंस लग रहा है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इस फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में भी अहम जानकारी दी है। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी के अलावा किशोर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोडक्शन कंपनी टायलर डर्डन एंड किंग फिस्ट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, त्यागराजन कुमारराजा की फिल्म पॉकेट नॉवेल की शूटिंग शुरू। 'पॉकेट नॉवेल का संगीत इलैयाराजा तैयार कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी नीरव शाह के कंधों पर है। इस फिल्म की कहानी और पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। वहीं इस फिल्म के गाने युग भारती ने लिखें हैं। विजय की इस फिल्म की घोषणा से फैंस और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# इश्कनामा है खुद को बेहतर बनाने का मौका: शहनाज गिल

हाल ही में मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल की अपकमिंग फिल्म इश्कनामा का टीजर जारी हो गया है। यह फिल्म एक मार्मिक इंडो-पाक लव स्टोरी पर आधारित है, जिसमें प्यार, जुदाई और सीमाओं के बीच अधूरे रह गए रिश्तों की एक संवेदनशील कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। इश्कनामा की शूटिंग पंजाब और राजस्थान के मनमोहक लोकेशंस पर हुई है, जो कहानी को एक प्रामाणिक पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष इवेंट में टीजर को लॉन्च किया गया, जहां फिल्म से जुड़े कलाकारों ने अपने अनुभवों को साझा किया। अभिनेता सौरभ सचदेवा ने बातचीत करते हुए बताया कि जब उन्हें इस प्रोजेक्ट के लिए पहली बार संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने पहले कभी किसी पंजाबी फिल्म में काम नहीं किया है। हालांकि, फिल्म की कहानी ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वह इस परियोजना से जुड़ने के लिए प्रेरित हुए। सौरभ ने इसे एक ऐसा अवसर बताया जिसे वह गंवाना नहीं चाहते थे और उन्होंने बिना ज्यादा सोच-विचार के तुरंत इस फिल्म के लिए अपनी सहमति दे दी। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म के सेट पर सभी कलाकार और क्रू मेंबर्स एक-दूसरे के साथ पूरी तरह से खुलकर अपने विचार साझा करते थे। किसी भी सीन या आइडिया पर चर्चा करने की पूरी आजादी थी, जिससे क्रिएटिविटी और भी बेहतर तरीके से सामने आई। इस तरह का सहयोगी और खुला माहौल किसी भी फिल्म को खास बना देता है, क्योंकि इससे कलाकारों को काम करने में आसानी और खुशी दोनों मिलती हैं, जिससे उनका प्रदर्शन भी निखर कर आता है। अभिनेता जय रंधावा ने भी फिल्म की कहानी और शूटिंग के अनुभवों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग पंजाब और राजस्थान जैसे दो अलग-अलग और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्थानों पर की गई है, जिससे कहानी को एक जीवंत और असली जैसा बैकड्रॉप मिला है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक इंडो-पाक लव स्टोरी पर आधारित है और सीमा पार प्यार की गहरी भावना को दर्शाती है। जय ने जोर देकर कहा कि यह कहानी पंजाबी सिनेमा में पहली बार इस तरह के बड़े और अलग दृष्टिकोण के साथ पेश की जा रही है, जो इसे और भी अनूठा बनाता है। इनके अलावा, अभिनेत्री शहनाज गिल ने अपने किरदार और फिल्म को लेकर विचार मीडिया से साझा किए। उन्होंने कहा कि अच्छे और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना हमेशा सीखने का एक अनमोल अवसर प्रदान करता है और ऐसे अनुभव से कलाकार खुद को बेहतर बना पाते हैं। शहनाज ने बताया कि वह हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स की तलाश में रहती हैं, जो ज्यादा अर्थपूर्ण हों, ताकि उन्हें अभिनय में और अधिक गहराई लाने का मौका मिल सके। शहनाज ने अपनी भूमिका के बारे में बताया, मैं फिल्म में एक पाकिस्तानी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जिसका नाम टोरी है। वह बहुत ही मजबूत, साहसी और दृढ़ निश्चयी लड़की है, जो अपने प्यार को पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म बॉर्डरनामा नामक नॉवेल पर आधारित है, जिससे इसकी कहानी में एक साहित्यिक गहराई भी जुड़ जाती है।



# रेटिनॉल, हयालूरोनिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड में से किसका करना चाहिए इस्तेमाल?

त्वचा की देखभाल के लिए कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें से कुछ प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, हयालूरोनिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड जैसे तत्व मौजूद होते हैं। ये सभी तत्व त्वचा की देखभाल में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल का तरीका अलग है। आइए जानते हैं कि इन तीन के बीच क्या अंतर है और किसका इस्तेमाल त्वचा के लिए ज्यादा अच्छा है।

रेटिनॉल विटामिन-ए का एक रूप है, जो त्वचा की कोशिकाओं को नया जीवन देता है। यह त्वचा की बनावट को सुधारने, महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने और रंग में सुधार लाने में मदद करता है। रेटिनॉल त्वचा को कोमल और चमकदार बनाने में भी सहायक होता है। इसके अलावा यह मुंहासों की समस्या को भी दूर कर सकता है। हालांकि, इसका इस्तेमाल करने से पहले त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है। हयालूरोनिक एसिड एक ऐसा तत्व है, जो त्वचा को गहराई से नमी प्रदान करता है और पानी को खींचता है। यह त्वचा को भरपूर और ताजा दिखाने में मदद करता है। हयालूरोनिक एसिड का नियमित इस्तेमाल करने से त्वचा की नमी बनी रहती है और यह सूखापन दूर करता है। इसके अलावा यह झुर्रियों को कम करने में भी मदद करता है। हयालूरोनिक एसिड का कोई नुकसान नहीं होता और यह सभी प्रकार की त्वचा पर काम करता है।



सैलिसिलिक एसिड एक प्रकार का एसिड है, जो त्वचा की गहराई तक जाकर गंदगी और तेल को साफ करता है। यह मुंहासों की समस्या को दूर करने में बेहद असरदार है और त्वचा की तैलीयता को नियंत्रित करता है। सैलिसिलिक एसिड मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है और रोमछिद्रों को खोलता है, जिससे त्वचा साफ और स्वस्थ रहती है। यह संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए भी सुरक्षित है। अब सवाल यह उठता है कि इन तीनों में से किसका इस्तेमाल करना ज्यादा बेहतर है? अगर आपकी त्वचा तैलीय या मुंहासे वाली है तो सैलिसिलिक एसिड आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है, वहीं अगर आपकी त्वचा रूखी या उम्र के असर से परेशान है तो हयालूरोनिक एसिड और रेटिनॉल दोनों ही आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं। हालांकि, इन तीनों का इस्तेमाल करने से पहले त्वचा विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।



# 45 की उम्र में टीवी एक्ट्रेस किश्वर मर्चेंट ने ढाया कहर, मोनोकनी पहन बीच किनारे दिए पोज



टीवी एक्ट्रेस किश्वर मर्चेंट इन दिनों अपने पति संग वैकेशन एंजॉय करती नजर आ रही हैं. वैकेशन से उन्होंने अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं. जिसमें वो मोनोकनी पहने नजर आईं. 45 की उम्र में एक्ट्रेस का ये अंदाज देख फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं. हिप हिप हुर्रे, एक हसीना थी, प्यार की ये एक कहानी और कैसी ये यारियां जैसे शोज में काम कर चुकीं किश्वर मर्चेंट अब काफी ग्लैमरस हो गई हैं. किश्वर मर्चेंट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस मोनोकनी पहने नजर आईं. 45 की उम्र में किश्वर मर्चेंट का ये अंदाज देख फैंस उनपर से नजर नहीं हटा पा रहे हैं. बढ़ती उम्र के साथ-साथ वो और भी खूबसूरत होती जा रही हैं. किश्वर मर्चेंट ने अपने लुक को मिनिमल मेकअप और खुले बालों के साथ कंप्लीट किया है. बीच किनारे किश्वर मर्चेंट ने मोनोकनी में जमकर पोज दिए हैं. उनकी मुस्कान फैंस को दीवाना बना रही है. किश्वर मर्चेंट की इन ग्लैमरस फोटोज ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. लोग इनपर खूब प्यार लुटा रहे हैं. बता दें, एक्ट्रेस की शादी टीवी एक्टर और सिंगर सुयश राय के साथ हुई है. दोनों ने 16 दिसंबर 2016 को सात फेरे लिए थे. कपल का एक बेटी भी है.

# Internet now a lifeline, focus should shift from popularising access to protecting users: IT Secretary

**New Delhi Agency:** The National Internet Exchange of India (NIXI) celebrated its 23rd Foundation Day, with the government calling upon policymakers, industry leaders, members of the Internet community, academia and technology experts to continue working towards an internet that is safe, reliable and accessible to all. The event held here on Friday, underscored the growing importance of trust, resilience and security in an increasingly digital society, along with India's expanding role in global Internet governance.



Addressing the gathering, S Krishnan, Secretary, Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) and Chairman of NIXI, highlighted that as digital technologies become deeply integrated into everyday life, strengthening the Internet ecosystem has become essential.

"As digital technologies become deeply integrated into our daily lives, building trust, resilience and security across the Internet ecosystem becomes increasingly important. NIXI has played a vital role in strengthening India's Internet infrastructure while enabling greater participation in global Internet governance discussions. Together, we must continue working towards an Internet that is safe, reliable and accessible for all," the Secretary said.

A key highlight of the celebration was the launch of four new digital initiatives aimed at improving efficiency, transparency and security within India's Internet ecosystem. These included the IX Portal, myIRINN Portal, .IN Auction Portal and an AI-powered WHOIS Screening Platform.

These platforms are designed to enhance user experience, streamline operations, strengthen monitoring and verification processes, and improve overall governance of domain-related services. The AI-based WHOIS screening system, in particular, is expected to enhance domain name security by improving the detection of suspicious websites, thereby strengthening the integrity of India's .

## Experts question neutrality of SC-appointed Aravalli committee, write to CJI

**New Delhi, Agency:** Nearly six months after the Supreme Court reopened the debate over how the Aravalli range should be defined, a group of scientists, environmental policy experts, conservationists and a retired senior forest officer have written to the Chief Justice of India, questioning whether the court-appointed committee tasked with revisiting the issue is sufficiently independent to do the job. In separate representations submitted this week, the experts have challenged the composition of the high-powered committee constituted by the Supreme Court on May 25, 2026. In these letters, experts argue that the panel falls short of the standard set by the court itself when it revisited the matter on December 29, 2025, and called for a "fair, impartial and independent expert opinion".



The intervention comes in a case that has evolved far beyond a technical dispute over maps and hill contours. At its centre is the question of how one of India's oldest mountain systems should be defined and protected, a decision that could influence future mining, conservation and land-use policies across large parts of Rajasthan, Haryana, Delhi and Gujarat.

Among those who have written to the Chief Justice are geoscientist and National Institute of Advanced Studies CP Rajendran; scientist and former chairperson of the Supreme Court-appointed Char Dham high-powered committee Ravi Chopra; environmental policy expert Sagar Dhara; retired Principal Chief Conservator of Forests Prakriti Srivastava; and members of conservation networks.

While differing in emphasis, the representations converge on a common concern: that the committee reviewing the earlier process of defining the Aravallis includes officials and institutions linked to the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, raising questions about whether the review can be seen as fully independent.

Rajendran said that the present arrangement departed from the spirit of the Supreme Court's intervention. "The composition, as it stands, does not align with the spirit of the December 29, 2025 order, which explicitly called for an independent and fair expert opinion free from executive influence," he wrote, adding that the structure of the committee rendered it "incapable of functioning with the requisite impartiality and independence".



## Prime Sobha Singh assets face eviction court moved

**New Delhi, Agency:** A nearly seven-decade-old dispute over one of Delhi's most prominent residential estates has entered a fresh legal phase, with the Centre's Land and Development Office (L&DO) initiating eviction proceedings against Sujan Singh Park North, the Colonial-era complex next to Khan Market that includes Ambassador Hotel.

The property is associated with Sir Sobha Singh, one of the principal contractors involved in building New Delhi after the British shifted their capital to the city from Calcutta in 1911. He played a key role in the construction of several landmark projects, including Rashtrapati Bhavan and a major chunk of India Gate. Sujan Singh Park, named after Sobha Singh's father Sujan Singh, was developed by his family run company, which continues to manage the estate.

The Centre had recently initiated eviction proceedings against the Gymkhana Club and Jaipur Polo Ground in Delhi. In a notice issued on June 11 under the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971, the L&DO asked Sir Sobha Singh and Sons Pvt Ltd to explain why an eviction order should not be passed against it.

## Delhi woman mistaken for child-lifter, stripped



**Koraput, Agency:** Odisha Police Thursday arrested 16 people who were part of a mob that chased and assaulted a woman from Delhi and her male colleague from Gujarat, mistaking them for child kidnappers, in a remote village in Rayagada district on June 16. The accused also half-stripped the woman. The two work with voluntary organisations under fellowship programmes. While the woman is engaged in solid waste management initiatives in Kalahandi district, the man from Surat is associated with a turmeric packaging project in Kandhamal district. According to police, they were travelling from Daringbadi in Kandhamal to Thuamul Rampur in Kalahandi district on a scooter. They stopped near Kandulguda village to seek directions.

## Foreigners' access to parts of Pokhran, other border areas in Rajasthan restricted

**New Delhi, Agency:** The move comes after the Ministry of Home Affairs on Friday brought an amendment in the Immigration and Foreigners Order of 2025, which lists areas where foreign nationals have to seek special official authorisation to travel. The newly notified Immigration and Foreigners (Amendment) Order, 2026, flows from the Immigration and Foreigners Act, 2025, which is an umbrella law governing the entry, stay and exit of foreigners into India.




Issued under the provisions of the Immigration and Foreigners Act, 2025, the fresh amendment inserts a new clause defining an 'Overseas Citizen of India Cardholder' in accordance with the Citizenship Act, 1955. The move brings clarity to the status of OCI cardholders under the immigration framework established by the 2025 Act. The most important part of the amendment is the revision of entries under the Third Schedule (which mentioned protected areas) concerning Rajasthan, which shares a long International Border with Pakistan.

The Centre has substituted the existing list of protected areas in the state with a revised schedule covering specified regions in the border districts of Jaisalmer, Bikaner, Sri Ganganagar, Barmer, Phalodi and Jalore. The revised schedule identifies tehsils and areas that fall within the protected area framework under the Immigration and Foreigners Order.

## Jio Platforms eyes India's biggest IPO

**Mumbai, Agency:** Jio Platforms Ltd, the digital services arm of Reliance Industries Ltd (RIL), filed draft papers on Friday for what could be India's largest initial public offering (IPO), seeking to raise nearly $4 billion (Rs 37,700 crore) and valuing the company at $137 billion.



This came as RIL CMD Mukesh Ambani, speaking at the 49th Annual General Meeting on Friday, announced that Jio Platforms had got the board's clearance for its proposed IPO wherein the company planned to issue up to 27 crore new shares with a face value of Rs 10 each. The offering marks a milestone for the RIL as it seeks to unlock value from the telecom-to-technology business that has emerged as one of the group's primary growth engines since its launch in 2016. The RIL owns 66.43 per cent of Jio Platforms. Terming it a significant turning point for India's technology ecosystem, Ambani said the planned offering "will demonstrate to the world that India can build technology companies of global scale, global capability, and global value".

## Average of 30,500 pedestrians killed on roads annually between 2019-24

**New Delhi, Agency:** More than 1.8 lakh pedestrians were killed in road crashes across India between 2019 and 2024, averaging over 30,500 deaths annually, underscoring their vulnerability as the most at-risk category of road users. Govt data show that the National Highway (NH) network accounted for nearly 31% of all pedestrian fatalities during this period.



The latest road crash data released by road transport ministry for 2024 reveals that nearly 54% of pedestrian deaths involved collisions with two-wheelers and cars, claiming 19,680 lives. Road safety experts said this points to how lack of safe footpaths and crossing infrastructure for pedestrians is the biggest reason behind India's pedestrian fatality toll, which is among the highest globally.

This high number of pedestrian deaths calls attention of policy makers and road construction and maintenance agencies in the light of the latest Supreme Court order upholding citizens fundamental rights to walk while directing govt to enact a law for well-demarcated footpaths for all road users. Even last year, the apex court had said that "rights of pedestrians to use footpaths are guaranteed under Article 21 of Constitution". The 2024 report shows that Tamil Nadu recorded a maximum of 4,712 pedestrian deaths, followed by Bihar (4,149), Maharashtra (3,344) and West Bengal (3,241) during 2024.

As per the road transport ministry's latest report, 53 million-plus cities recorded 4,328 pedestrian deaths, which was 11.8% of all such fatalities.

## 'Major win for India': Vivek Aggarwal elected as FATF vice president

**New Delhi, Agency:** India has secured a key position in the leadership of the Financial Action Task Force (FATF), with senior bureaucrat Vivek Aggarwal elected as vice president of the global watchdog responsible for combating money laundering and terrorist financing. Announcing the development on X, ministry of external affairs spokesperson Randhir Jaiswal described it as a "major win for India in FATF". "Major win for India in FATF! Shri Vivek Aggarwal, Secretary, Government of India, has been elected the Vice President of the Financial Action Task Force. As India continues to champion a zero-tolerance policy against terrorism, this leadership role reinforces our relentless focus on combating global terrorist financing networks and dismantling illicit financial systems.



His profound expertise as the former Head of India's FATF delegation and former Director of FIU-IND will advance FATF's mandate to secure financial integrity," Jaiswal posted.

## Goa received over 46 lakh tourists in first 5 months of this year

**Panaji, Agency:** More than 46.39 lakh tourists visited Goa between January and May this year, a marginal increase over the corresponding period in 2025, a growth the state government attributed to strong connectivity, diversified tourism experiences, and increasing confidence among travellers.



Data released by the state Tourism Department on Friday showed that Goa received 46,39,165 visitors during the first five months of 2026, an increase of 0.39 per cent compared to the same period last year.

Of the total arrivals, domestic tourists accounted for 44,37,018 visitors, while foreign tourist arrivals stood at 2,02,147.

The month of May alone saw 9,69,090 tourists arriving in the coastal state, marking a 4.53 per cent increase over May 2025, the department said.

Tourism Minister Rohan Khaunte said the growth in visitor arrivals was being driven by strong connectivity, diversified tourism experiences and increasing confidence among travellers.

"While our beaches remain iconic, travellers are increasingly exploring Goa's culture, heritage, spirituality, wellness offerings, hinterland experiences, festivals and culinary traditions," he said.